# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–222 । सागर, रविवार, 1 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



अंदर सो रहा था पत्नी की हत्या का आरोपी — पृष्ठ 3
▪ जीवन से विदा लेती ध्वनि ▪ रोचक किस्सों का दस्तावेज — पृष्ठ 4
▪ दूध में केमिकल मिलाकर बेचने वाले के खिलाफकी कार्यवाही — पृष्ठ 6
राजा शंकरशाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह का मनाया बलिदान दिवस — पृष्ठ 7


एशियाड में लगातार चौथी जीत हासिल की

## हॉकी में भारत ने पाक को 10-2 से रौंदा



**हांगझाउ, एजेंसी।** हांगझाउ एशियाई खेलों में पुरुष हॉकी में भारत ने पाकिस्तान को 10–2 से रौंद दिया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में टीम इंडिया ने लगातार चौथी जीत हासिल की। इसी के साथ भारत ने सेमीफाइनल के लिए भी कवालिफाई कर ली है। अब भारत का आखिरी पूल–ए मुकाबले में बांग्लादेश से सामना होगा।

टीम इंडिया के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने चार गोल दागे, जबकि वरुण ने दो गोल दागे। ललित, शमशेर, मनदीप और सुमित ने एक–एक गोल किया। यह भारत–पाकिस्तान हॉकी मैच में पहली बार है जब दोनों में से किसी एक टीम ने 10 गोल दागे हैं। भारत ने यह कीर्तिमान रचा है।

### टेनिस में रोहन–रुतुजा ने जीता स्वर्ण

**हांगझोउ।** भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने एशियाई खेलों में टेनिस मिश्रित युगल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने शनिवार को चीनी ताइपे के सुंग–हाओ हुआंग और एन शुओ लियांग की जोड़ी को 2–6, 6–3, [10–4] से हरा कर भारत के लिये स्वर्ण पदक जीता।

### भारतीय पुरुष स्क्वैश में भी जीता सोना

**हांगझोउ।** एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने शनिवार को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 2–1 से हरा कर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया। हांगझोउ ओलंपिक सेंटर में सौरव घोषाल, महेश मनगांवकर और अभय सिंह की टीम ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 2–1 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

जन आक्रोश यात्रा में राहुल गांधी हुए शामिल, जनसभा को सम्बोधित किया, कहा-

## हमारी लड़ाई विचारधारा की, एक तरफ गांधी जी और दूसरी तरफ गोड़से



**शाजापुर/ भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हमारी लड़ाई विचारधारा की है, कांग्रेस एक तरफ है तो दूसरी ओर भाजपा व आरएसएस। एक तरफ गांधी जी और दूसरी तरफ गोड़से। एक तरफ नफरत और एक तरफ मोहब्बत है। मध्य प्रदेश में किसान, युवा इनसे नफरत करने लगा है। इन लोगों ने जो जनता के साथ किया, वह अब जनता उनके साथ कर रही है। कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा में शामिल होने के बाद राहुल शाजापुर जिले के पोलायाकला में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यही वजह है कि कांग्रेस ने 7 जन आक्रोश यात्राएं प्रदेश में निकाली हैं। इससे पहले कन्याकुमारी से कश्मीर तक चले थे। प्रदेश में लगभग 370 किमी हमारी यात्रा चली थी। किसानों, युवाओं, माता–बहनों से मिला तो उन्होंने मुझसे कहा कि मध्यप्रदेश हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केन्द्र है और जितना भ्रष्टाचार भाजपा के लोगों ने मध्य प्रदेश में किया उतना शायद कही और नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों ने बच्चों के फंड, मिड–डे–मील और स्कूल यूनिफॉर्म के फंड के साथ महाकाल कॉरिडोर में पैसा चोरी किया। व्यापमं स्कैम को आप सब जानते हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि

### कांग्रेस की सरकार बनने पर कराएंगे जातीय जनगणना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी की सरकार नहीं चलाते। वे दलितों–आदिवासियों के लिए भी काम नहीं करते हैं। उनका काम तो ध्यान इधर–उधर करने का है, नफरत और हिंसा फैलाने का है। यह काम उन्हें आरएसएस ने सौंपा है। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान को 90 अफसर चलाते हैं। ये निर्णय लेते हैं कि पैसा कहां जाएगा, लेकिन इनमें 3 अफसर ही ओबीसी हैं। हिंदुस्तान के पूरे बजट में 5 फीसदी की भागीदारी ही ओबीसी अफसरों की है। जबकि ओबीसी की आबादी हिंदुस्तान में 50 फीसदी है। राहुल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो वादा किया है, उसे पूरा करके दिखाया है, हमने मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक में किसानों का कर्जा माफ किया, लेकिन यहां भाजपा ने आपको धोखा देकर कांग्रेस की सरकार चोरी कर ली। पिछले 18 साल में मध्य प्रदेश में 18 हजार किसानों ने आत्महत्या की है। 3 किसान हर रोज मध्य प्रदेश में आत्महत्या कर रहे हैं।

### मप्र हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केंद्र

राहुल गांधी ने कहा कि मध्य प्रदेश में 370 किलोमीटर हमारी भारत जोड़ो यात्रा की। लोगों ने मुझे बताया कि मध्य प्रदेश हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केंद्र है। महाकाल कॉरिडोर में भाजपा ने पैसा चोरी किया।

### हर जगह अडानी का बोलबाला

राहुल ने कहा– सरकार जनता के लिए चलनी चाहिए। किसी संगठन और एक–दो बड़े उद्योगपति के लिए नहीं। आज रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर... हर जगह अडानी दिखाई देंगे। वे किसानों–लोगों की जेब से हर रोज पैसा ले रहे हैं। मीडिया का रिमोट भी अडानी के हाथ में है।

### सत्ता में आते ही किसानों का कर्ज माफ करेंगे



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 15 महीने हमने जो सरकार चलाई थी उसमें हमने हमने 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया था। शाजापुर जिले की ही 70 हजार 8 सौ किसानों का कांग्रेस ने कर्जा माफ किया था। कांग्रेस के सत्ता में आने पर किसानों का कर्ज माफ करेंगे। श्री कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश आज भ्रष्टाचार और बेरोजगारी में नंबर वन है। यहां बैठे लोग या तो भ्रष्टाचार के शिकार है या गवाह हैं। प्रदेश में बेरोजगारी का आलम यह है कि एक करोड़ नौजवान प्रदेश में बेरोजगार हैं, इसलिए मध्य प्रदेश में आज सबसे बड़ी चुनौती हमारे नौजवानों का भविष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश महिलाओं और आदिवासियों पर अत्याचार में भी नंवर वन है। कमलनाथ ने कहा कि मप्र में चौपट रोजगार व्यवस्था, चौपट कृषि व्यवस्था, चौपट शिक्षा व्यवस्था, चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था, चौपट उद्योग धंधे और इस तरह के कई और उदाहरण हैं।

बिलासपुर में बोले प्रधानमंत्री

## सपनों को पूरा करने की गारंटी है मोदी



**बिलासपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को बिलासपुर में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का समापन करने पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत जय जोहार से करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय हो गया है। हमारा एक ही नेता है कमल, हमारा एक ही उम्मीदवार है कमल। हर बूथ पर जब तक कमल नहीं खिलेगा हम चैन से नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सपनों को पूरा करने की गारंटी है। आज मैं गारंटी देने आया हूं, आपके सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। आपका सपना अब मोदी का संकल्प है। छत्तीसगढ़ में भी अब भाजपा सरकार होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया। भाजपा की सरकार बनते ही पीएससी घोटाले की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

वायुसेना की 91वीं वर्षगांठ

## लड़ाकू विमानों के शानदार प्रदर्शन से रोमांचित हुए लोग



**भोपाल, देशबन्धु।** वायु सेना की 91वीं वर्षगांव पर लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों ने आज यहां शानदार प्रदर्शन और करतब से हजारों लोगों की भीड़ को दांतों तले अंगुलियां दबाने मजबूर कर दिया।

भोपाल की ऐतिहासिक बड़ी झील के आसपास वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई 30, मिराज 2000, जैगुआर और तेजस ने कलाबाजियां दिखायीं। विमानों की तेज गरजती हुयी आवाज से शहर का आसमान गुंजायमान हो उठा। लगभग एक घंटे तक चले कार्यक्रम के दौरान वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम ने आसमान में शानदार नजारे पेश किए।

उन्होंने वायु सेना के जांबाज जवानों के शौर्य, कौशल और विमानों के साथ किये गये अद्भुत प्रदर्शन की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बड़े तालाब स्थित एमपी टूरिज्म के विंड एण्ड वेव्ज रेस्टोरेंट से वायुसेना का प्रदर्शन देखा।

### अद्भुत है वायु-सैनिकों का शौर्य और कौशल : शिवराज

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल में हुए वायु सेना की रोमांचक फ्लाई–पास्ट के लिए वायुसेना का आभार माना। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मीडिया को जारी अपने संदेश में कहा कि आज भोपाल के आसमान में हमारे वायु सेना के जांबाज़ो ने अद्भुत प्रदर्शन किया। ऐसे जांबाज पायलटों के रहते हुए हमारा देश पूरी तरह से सुरक्षित है, हमें इन पर गर्व है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए भोपाल वासियों का भी आभार माना।

नाम को लेकर मां–बाप में नहीं बन पा रही थी सहमति

## ...तो हाई कोर्ट ने ही कर दिया बच्ची का नामकरण

**कोच्चि, एजेंसी।** एक बच्ची के नाम को लेकर उसके माँ और पिता में असहमति इतनी लंबी चली कि साढे तीन साल की उम्र तक भी उसका कोई नाम नहीं रखा जा सका।

आखिरकार मामला अदालत पहुंचा और केरल उच्च न्यायालय ने बच्ची के हित को देखते हुये उसका नामकरण कर विवाद का अंत कर दिया। पीठ ने कहा कि माता–पिता के बीच विवाद को सुलझाने के प्रयास में समय लगेगा और इस बीच, नाम का अभाव बच्चे के कल्याण या सर्वोत्तम हितों के लिए अनुकूल नहीं होगा। अदालत ने कहा, इस तरह के क्षेत्राधिकार के प्रयोग में, बच्ची के कल्याण को सर्वोपरि माना जाता है, न कि माता–पिता के अधिकारों को। अदालत को बच्चे के लिए एक नाम चुनने का कार्य करना होता है। नाम चुनते समय, बच्चे के कल्याण, सांस्कृतिक विचार, माता–पिता के हित और सामाजिक मानदंडों का अदालत को ध्यान रखना चाहिए। अंतिम उद्देश्य बच्चे की भलाई है। अदालत को समग्र परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक नाम अपनाना होगा। इस प्रकार, यह अदालत याचिकाकर्ता की बच्ची के लिए एक नाम का चयन करने के लिए अपने माता–पिता के अधिकार क्षेत्र का उपयोग करने के लिए मजबूर है।

**हाई कोर्ट ने बच्ची के कल्याण को सर्वोपरि माना**

### जन्म प्रमाणपत्र पर नहीं था कोई नाम

मौजूदा मामले में बच्ची के जन्म प्रमाणपत्र पर कोई नाम नहीं था। जब स्कूल में उसका दाखिला कराने की बारी आई तो स्कूल अधिकारियों ने उसके लिए एक नाम पर जोर दिया, और उस जन्म प्रमाणपत्र को स्वीकार करने से इनकार कर दिया जिसमें कोई नाम नहीं था। समस्या तब शुरू हुई जब याचिकाकर्ता मां ने बच्चे के लिए 'पुण्या नायर' नाम दर्ज करने का प्रयास किया, लेकिन रजिस्ट्रार ने नाम दर्ज करने के लिए माता–पिता दोनों की उपस्थिति पर जोर दिया। लेकिन अलग हो चुके माता–पिता इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने में असफल रहे, क्योंकि पिता बच्ची का नाम 'पद्मा नायर' रखना चाहते थे। अदालत ने सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद कहा कि मां, जिसके साथ बच्ची वर्तमान में रह रही है, द्वारा सुझाए गए नाम को उचित महत्व दिया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि पिता का नाम भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि पितृत्व भी निर्विवाद था।




कोविड काल में पैसा, रुतबा कुछ काम नहीं आया, पहला सुख निरोगी काया, सभी निरोग रहे यही मनोकामना

# गढ़ाकोटा अस्पताल प्रदेश का मॉडल अस्पताल होगा: श्री भार्गव

**रहली, देशबन्धु।** अस्पताल जीवन दायिनी होते हैं। इसे स्वच्छ, साफ बनाए रखें। कोविड काल में पैसा, रुतबा कुछ काम नहीं आया, इसलिए पहला सुख निरोगी काया। सभी निरोग रहे, यही मेरी मनोकामना है। गढ़ाकोटा अस्पताल प्रदेश का मॉडल अस्पताल होगा। आप सबकी सुरक्षा के लिए गढ़ाकोटा, रहली, शाहपुर की सुरक्षा अब तीसरी आंख करेगी।

उक्त विचार मंत्री गोपाल भार्गव ने गढ़ाकोटा में सिविल अस्पताल के लोकार्पण एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मप्र के पहले अत्यधिक सर्व सुविधा युक्त सोनार नदी पर बनने वाले रिवर फ्रंट के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किये। श्री भार्गव ने कहा कि मेरी इच्छा थी कि मैं गढ़ाकोटा एवं रहली के अस्पतालों को प्रदेश के मॉडल अस्पतालों की तर्ज पर तैयार करवाएं और आज मेरा सपना पूरा हो रहा है। जब गढ़ाकोटा का सिविल अस्पताल मॉडल अस्पताल के रूप में तैयार हुआ है। इस अस्पताल में डॉक्टरों की कमी भी पूरी की जा रही है। सभी संसाधन एवं मशीन उपलब्ध कराई गई है। अब सागर, भोपाल जाने की जरूरत



नहीं है। सभी सुविधाएं यही उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी आवश्यकता पड़ती है तो मेरे निवास से प्रत्येक रविवार को एंबुलेंस के माध्यम से भोपाल भेजा जाता है, जहां मेरे भोपाल स्थित निवास पर रूकने, खाने की व्यवस्था की जाती है। साथ में संबंधित को इलाज हेतु वरिष्ठ अस्पतालों में भेजा जाता है। कभी भी बचपन से लेकर बुढ़ापे तक किसी न किसी को अस्पताल का सहारा लेना पड़ता है। इसलिए अस्पताल अच्छा सर्व सुविधायुक्त होना चाहिए। मैं पूर्व जन्मों के कर्ज चुकाने का कार्य कर रहा हूं और अपनी अंतिम सांस तक यह करता रहूंगा। उसके बाद मेरा पत्र अभिषेक दीपू भार्गव यह करता रहेगा। आप सभी समय-समय पर रक्तदान अवश्य करें, क्योंकि रक्तदान महादान होता है। मंत्री श्री भार्गव ने कहा कि रहली, गढ़ाकोटा, शाहपुर में पुलिस एवं प्रशासन के अलावा अब सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से आपकी सुरक्षा की जाएगी। तीनों जगह अत्याधुनिक कैमरे लगाए गए हैं, जिसके माध्यम से दूर से लेकर बारीक चीज तक सब कैमरे की नजर में होगी। मंत्री श्री भार्गव ने 75 करोड़ रुपए की लागत से गढ़ाकोटा में सोन नदी पर बनने वाले विश्वस्तरीय रिवर फ्रंट का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि यह मप्र का पहला रिवर फ्रंट होगा, जिसकी लंबाई 750 मीटर होगी और यह रिवर फ्रंट साबरमती नदी पर बने रिवर फ्रंट की तर्ज पर बनाया जाएगा। इसमें प्रतिदिन लेजर से भी दिखाया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा कि मंत्री श्री भार्गव की बहुआयामी एवं दूर दृष्टि सोच के कारण ही आज रहली विधानसभा क्षेत्र का लगातार विकास हो रहा है। यहां प्रतिदिन नए-नए आयाम देखने को मिलते हैं इनके सभी नए प्रयोग सागर जिले के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जो रहली, शाहपुर, गढ़ाकोटा में उच्च स्तरीय सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, वे सुरक्षा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। इस अवसर पर संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ. ज्योति चौहान ने कहा कि इस 50 बिस्तर वाले अस्पताल में समस्त आधुनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई हैं। जिसमें डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस, एक्स-रे व सोनोग्राफी मशीन सहित अन्य व्यवस्थाएं भी कराई गई हैं। कार्यक्रम का संचालन विक्की जैन ने किया। आभार बीएमओ डॉ. सुयश सिंघई ने माना।

## अंशकालीन सफाई कर्मचारियों का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन



**सागर, देशबन्धु।** अजाक्स अंशकालीन सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर खेल परिसर के पास अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर के द्वारा नायब तहसीलदार सुरेश कुमार सोनी एवं अमित कछवाहा जिला महामंत्री भाजपा को ज्ञापन सौपा। जिसमें मांग की गई कि मप्र शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के अंतर्गत छात्रावासों में विगत 25 से 30 वर्षों से सफाई का कार्य कर रहे कर्मचारी जिनका मासिक वेतन 2500 रूपया है। जो वर्ष में 10 माह दिया जाता है एवं मई-जून का वेतन नहीं दिया जाता है। इतने कम वेतन में एवं मंहगाई के दौर में इन कर्मचारियों के परिवार का भरण पोषण नहीं हो पाता जिसके कारण पूरे परिवार को भूखे मरने की समस्या से जूझना पड़ता है कई बार संगठन द्वारा इन कर्मचारियों की समस्या के संबंध में मांग की गई परन्तु शासन द्वारा इन अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। जिससे इन कर्मचारियों के प्रति संगठन को असंतोष एवं रोष व्याप्त है। ज्ञापन में मांग की गई कि छात्रावासों में अंशकालीन सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालीन कलेक्टर दर का वेतन दिया जावे एवं दस वर्ष पूर्ण कर चुके सफाई कर्मियों को अन्य पद जैसे रसोईया, वाटरमेन, चौकीदार के पद पर नियमित किया जावे एवं साप्ताहिक अवकाश दिया जावे। 12 माह का वेतन दिया जावे एवं सामूहिक जीवन बीमा का लाभ दिया जाए। ज्ञापन सौपने वालों में गजेन्द्र बोहत, विजय कुमार बाल्मीकि, मनीष पथरोल, सचिन करोसिया एवं अनेक अजाक्स के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जुआ फड़ पर दबिश देकर 11 जुआरियों से एक लाख 70 हजार जब्त



**सागर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना पुलिस ने शहर के एक बगीचे में चल रहे जुआ फड़ पर दबिश देकर 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से नकद, मोबाइल कीमती 1.70 लाख रुपए बरामद किए गए। मामले में जुआरियों को पुलिस थाने लेकर आई। जहां सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के एमएस गार्डन के पास स्थित बगीचे में जुआ फड़ संचालित होने की सूचना मुखबिर से मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना की गई। टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर जुआ फड़ पर दबिश दी। पुलिस आते देख जुआरी भागे। लेकिन पुलिस इनको पकड़ लिया। कोतवाली थाना प्रभारी नवीन जैन ने बताया कि कार्रवाई में जुआ खेलते हुए 11 जुआरियों को पकड़ा है। जिनमें दिनेश जैन पिता राजेन्द्र जैन उम्र 46 साल निवासी बरा चौराहा थाना बण्डा जिला सागर, अजय गौतम पिता इन्दु प्रसाद गौतम उम्र 36 साल निवासी बरायठा तिराहा थाना बण्डा जिला सागर, मोहन पिता पूरन सिंह लोधी उम्र 45 साल निवासी कचहरी के पास बण्डा जिला सागर, विकास सोनी पिता मुरारी लाल सोनी उम्र 33 साल निवासी बालाजी मंदिर थाना मोतीनगर जिला सागर, मुस्ताख खान पिता गुलफाम खान उम्र 34 साल निवासी 11 मुहाल सदर जिला सागर, दिनेश कुमार छक्कानी पिता बसरमल छक्कानी उम्र 43 साल निवासी बीएमसी के सामने थाना गोपालगंज सागर, मनोज जैन पिता प्रेमचन्द जैन उम्र 48 साल निवासी सुभाष नगर यादव होटल के पास थाना मोतीनगर जिला सागर, मोहम्मद सोहेल पिता अब्दुल रसीद उम्र 45 साल निवासी दयानंद वार्ड आलम मिठ्या के पास थाना कोतवाली सागर, योगेन्द्र पिता राजू अहिरवार उम्र 34 साल निवासी विश्व भारती स्कूल के पास सुभाष नगर जिला सागर, नदीम पिता अब्दुल रशीद उम्र 38 साल निवासी 8 मुहाल सदर जिला सागर कपिल जाटव पिता होतीलाल जाटव उम्र 27 साल निवासी 15 मुहाल सदर थाना केन्ट जिला सागर को गिरफ्तार किया है। जुआ फड़ पकड़ने में निरी. नवीन कुमार जैन थाना प्रभारी कोतवाली, धर्मेन्द्र गुर्जर, ए सिकंदर, दिनेश, अमित एवं अखिलेश, नीलेश, अजय शंकर, अभिषेक, सैनिक राजेन्द्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अनियंत्रित होकर पलटी टैक्सी के नीचे दबने से 7 वीं के छात्र की मौत, छह गंभीर

तीन सवारी की क्षमता वाली टैक्सी में बीस यात्री सवार थे

**शाहगढ़, देशबन्धु।** शनिवार को शाहगढ़ के स्कूल से घर दुड़याखेड़ा गांव जा रहे 12 वर्षीय 7 वीं के छात्र छोटू पिता नन्नूराम यादव निवासी बठवाह की सड़क हादसे में टैक्सी के नीचे दबने से मौत हो गई, अनियंत्रित टैक्सी में डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री सवार थे, हादसे में चार महिलाएं दो पुरुष भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनका इलाज शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई महिला अंगूरी पति मोहन आदिवासी निवासी कानीखेड़ी ने बताया कि टैक्सी में 15 से 20 सवारी बैठी हुई थी जिसमें तीन



गर्भवती महिलाएं कुछ बच्चे भी टैक्सी में चालक द्वारा जबरन बैठाए गए थे, शाहगढ़ से करीब दो किलोमीटर दूर ही पहुंचे थे तभी सामने भैंस आ गई और टैक्सी की गति तेज होने से हमारी टेक्सी भैंस से सीधी टकराकर अनियंत्रित होकर 8 फीट नीचे खाई में पलट गई, हादसे में मृत हुआ छात्र टैक्सी चालक के पास आगे बैठा था जैसे ही टैक्सी पलटी पहले छात्र गिरा उसी के ऊपर टैक्सी पलटने से दबकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सभी घायलों को शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया यहां से सागर रेफर किया गया है।

## मृतक के परिजनों में आक्रोश हाई-वे पर आवागमन को रोका

शनिवार को हुए सड़क हादसे में घायल रामसिंह यादव निवासी दुद्याखेड़ा, भूरी बाई पति गोकुल यादव कजरावन, मालती भागिरथ अहिरवार श्यामपुरा, अंगूरी मोहन आदिवासी कनीखेड़ी, भारती बलराम आदिवासी, दीक्षा परमलाल आदिवासी निवासी कनीखेड़ी इन सभी घायलों का इलाज शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था। इसी दौरान डूड़याखेड़ा निवासी नंदू राम के 12 वर्ष की पुत्र छोटू यादव स्कूल से घर वापस जाते समय शाहगढ हादसे में अचानक उसकी मौत की खबर लगते ही स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें परिजन सभी अक्रोशित होकर स्वास्थ्य केंद्र से स्ट्रेचर पर ही मृत बच्चें के शव को लेकर हाइवे स्थित तिराहे पर रखकर आवागमन को रोकने का प्रयास किया लेकिन पुलिस की समझाइश के बाद दस मिनट में ही आवागमन चालू हो गया। तिराहे पर बड़ी संख्या में अक्रोशित लोगों ने पुलिस और टैक्सी चालकों पर आरोप लगाए। पुलिस की मिलीभगत से टैक्सी चालक अधिक सवारियों को जबरन बैठाए रखते हैं। इसी तरह की पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं, पुलिस टैक्सी चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं करती। टैक्सी में तीन यात्री की बैठाने की क्षमता रहती है लेकिन टैक्सी चालक शाहगढ़ में पुलिस की मौजूदगी में ही दस से बीस यात्रियों को धक्लेलें से टैक्सी में बैठाते हैं।

## भविष्य की बात कमलनाथ के साथ फर्स्ट वोट फॉर कांग्रेस का हुआ आगाज




**सागर, देशबन्धु।** मप्र एनएसयूआई के आवाहन पर सागर एनएसयूआई द्वारा भविष्य की बात कमलनाथ के साथ फर्स्ट वोट फॉर कांग्रेस प्रोग्राम का आगाज किया गया जिसको लेकर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अक्षत कोठारी के नेतृत्व में राजीव गांधी भवन में प्रेस वार्ता रखी गई एवं कार्यक्रम की पोस्टर लॉन्चिंग की गई। जिला अध्यक्ष अक्षत कोठारी ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा कैसे छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रमित किया जा रहा है इसी को नजर रखते हुए हम प्रत्येक छात्र छात्राओं के पास जाकर व्यक्तिगत रूप से कांग्रेस की रीति नीतियों के बारे में उन्हें अवगत कराएंगे। जिला एनएनयूआई महासचिव मोहित भारिल्ल ने आगामी कार्यक्रमों की भूमिका का उल्लेख किया। इस अवसर पर शाहरुख खान रिंकू एवं नगर अध्यक्ष सौरभ खटीक मौजूद रहे।

# निगम आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था के संबंध में बैठक ली

जो नियमित सफाई कर्मचारी अपने कर्तव्य पर उपस्थित न हो उनके विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई



**सागर, देशबन्धु।** प्रदेशव्यापी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण नगर निगम के सफाई कामगारों द्वारा हड़ताल पर चले जाने के कारण नगर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने के कारण जनता को हो रही परेशानी को देखते हुए निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने सहायक आयुक्त राजेश सिंह राजपूत एवं आनंदमंगल गुरु की उपस्थिति में समस्त जोन प्रभारी एवं सफाई दरोगाओं की बैठक लेकर निर्देश दिए कि जो सफाई कर्मचारी तुरंत अपने कार्य पर उपस्थित न हों उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उनके स्थान पर कलेक्टर रेट पर श्रमिकों को रख लिया जाए तथा हड़ताल पर गये दैनिक वेतनभोगी, अंशकालीन और स्थायीकर्मी कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की जाए। निगमायुक्त ने समस्त वार्ड दरोगाओं और जोन प्रभारियों को निर्देश दिए कि वह शाम तक अपने-अपने वार्डो में सफाई कर्मचारियों से बात कर लें और उनसे काम पर वापस आने को कहें इसके बाद जो कर्मचारी काम पर आना नहीं चाहते हैं तो ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाकर सहायक आयुक्त राजेश सिह राजपूत और आनंद मंगल गुरु के पास जमा कर दें साथ ही उनके स्थान पर जितने श्रमिकों को रखना चाहते हैं उनकी भी सूची बनाकर जमा करें और रविवार से ही उनसे काम लेना शुरू किया जाए। जो सफाई कर्मचारी अपने कार्य से अनुपस्थित हैं उनका वेतन काटने के साथ-साथ दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन और स्थायीकर्मी सफाई कर्मचारियों के लगातार सात दिन तक अपने कार्य से अनुपस्थित रहने की स्थिति में उनकी सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाए। सहायक आयुक्त राजेश सिंह राजपूत ने बैठक के दौरान दूरभाष पर सफाई कर्मचारियों से चर्चा कर उनसे काम पर लौटने की अपील की। जानकारी दी कि सफाई कर्मचारियों की मांग पर शासन को निर्णय लेना है जो प्रदेश की प्रत्येक नगर पालिका, नगर निगम के कर्मचारियों पर प्रभावशील होगा।

## हड़ताल में शामिल 247 कर्मचारियों को सेवा समाप्ति के नोटिस जारी

महापौर परिषद द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को अति आवश्यक सेवा घोषित होने के निर्णय के बाद जनहित को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त द्वारा हड़ताल में शामिल कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश उपरांत सहायक आयुक्त एवं स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत द्वारा नगर निगम के 247 दैनिक वेतन भोगी अंशकालिक एवं स्थाई कर्मी सफाई कर्मचारियों को शिव समाप्ति की नोटिस जारी कर दिए गए हैं। नोटिस जारी कर तत्काल अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने की सूचना दी गई है इसके बाद भी अगर अंशकालीन, दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाईकर्मी सफाई कर्मचारी अपने काम पर नहीं लौटे तो उनके विरुद्ध सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की जाएगी। हड़ताल में 169 स्थाईकर्मी, 44 अंशकालीन कर्मचारी, 28 दैनिक वेतन भोगी एवं 6 मास्टर कर्मचारी शामिल है। इसके अलावा नियमित सफाई कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जावेगी जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक समाज के कल्याण के लिए सार्थक: डॉ. आनंद तिवारी

**सागर, देशबन्धु।** शास. कन्या उत्कृष्ट उच्च. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम द्वारा महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान, नुक्कड नाटक एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी के संरक्षण एवं रा.से.यों कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम डॉ. सरिता जैन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। साथ ही रा.से.यों मुक्त इकाई कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल तबरेश मंसूरी, डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. अंशु सोनी आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत नुक्कड नाटक किया गया। उसके पश्चात स्वच्छता जागरूकता रैली जिसमें स्वयंसेवको के साथ संस्था प्राचार्य द्वारा बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ प्रकृति के दुश्मन तीन पाउच पन्नी पॉलिथीन नारो के उद्घोष से परिसर गूंज उठा। साथ ही महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं परिसर की साफ सफाई कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को संपन्न किया संस्था प्राचार्य आनंद तिवारी ने स्वच्छता का संदेश देते हुए, एनएसएस से जुड़ने का महत्व बताया और सफल कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवको के साथ समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## जिनकी संतान आज्ञाकारी होती है उनके पितृ प्रसन्न रहते है: यशोदानंदन दास



**सागर, देशबन्धु।** सिविल लाइन स्थित नर्मदेश्वर धाम में पितृ पक्ष पखवाड़े पर पितरों के स्मरण और शान्ति के लिऐ गरुण पुराण कथा के षोडश दिवसीय गरुण पुराण कथा के द्वितीय दिवस पं. यशोदानंद दास ने कहा कि किस रूप में पहुंचता है पितरों को आहार नाम व गोत्र के उच्चारण के साथ जो अन्न जल आदि पितरों को दिया जाता है। विश्व देव एवं दिव्य पितर हव्य कव्य को पितरों तक पहुंचा देते हैं। यदि पितृ देव योनि को प्राप्त हुए हैं तो यहां दिया गया अन्न उन्हें अमृत होकर प्राप्त होता है। यदि गन्धर्व बन गए हैं तो वह अन्न उन्हें भोगों के रूप में प्राप्त होता है। यदि पशु योनि में है तो वह अन्न तृण के रूप में प्राप्त होता है। पितर प्रसन्न तो सभी देवता प्रसन्न रहते है। श्राद्ध से बढ़कर और कोई कल्याणकारी कार्य नहीं है। वंश वृद्धि के लिए पितरों की आराधना ही एकमात्र उपाय है। श्राद्ध कर्म से मनुष्य की आयु बढ़ती है पितरगण प्रसन्न है तो परिवार में धन धान्य का अंबार लगा देते है। परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। जिनकी संतान आज्ञाकारी होती है उनके पितृ प्रसन्न रहते है।

# रैली रंगोली, प्रश्नमंच सभा के माध्यम से हुआ राष्ट्रीय पोषण माह, स्वच्छता व मेरी माटी मेरा देश पर कार्यक्रम




**सागर, देशबन्धु।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की सागर इकाई द्वारा नेहरू युवा केन्द्र, महिला एवं बाल विकास, ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय व अभिनय तोष महिला बाल विकास समिति के सहयोग से राष्ट्रीय पोषण माह पर दो दिवसीय प्रचार अभियान चलाया। कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रचार रथ व जागरूकता रैली ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय के प्राचार्य अशोक असाटी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रथ, पोस्टर, प्रदर्शनी व गानों के माध्यम से शहर में भ्रमण कर जानकारी प्रदान की व रैली द्वारा तखतियों व नारों के माध्यम से पोषण संबंधी जानकारियां दी। द्वितीय दिवस मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लीगल राईट काउंसिल की प्रदेश उपाध्यक्ष अनुश्री शैलेन्द्र जैन द्वारा सभा का संबोधित करते हुए कहा कि जब कोई जागरूकता कार्यक्रम होता है तो आप कार्यक्रम में दी गई जानकारियों पर अमल करें जैसा कि आज पोषण पर आयोजित कार्यक्रम में जो जानकारियां दी जा रही हैं। नित्य प्रति खाने में हरी पत्तेदार सब्जियाँ, छिलके वाली दाल, चावल, सलाद का अवश्य प्रयोग करें। महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक सुधीरा श्रीवास्तव द्वारा सभा को विस्तार पूर्वक संबोधित किया जिसमें किशोरी बालिकाओं व माताओं को संपूर्ण भोजन लेने की बात कही गयी जिसमें मुन्गा की फल्ली, अंकुरित दालें, चने, फल्ली दाने, गुड़, आयरन की गोलियां मुख्य रूप से लेने की बात कही गयी। सीबीसी के इकाई प्रभारी दिनेश गौर द्वारा विवाह की जानकारी देते हुए कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी कि हमारा विवाह केन्द्र सरकार की सभी योजनाओ का विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार करती है। आज का कार्यक्रम विशेषकर पोषण पर आधारित है। जिसमें किशोरी बालिकायें गर्भवती धाती माताओं को किस प्रकार का भोजन लेना चाहिए जिससे वह कुपोषण से बच सकें। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी द्वारा पोषण की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम में आकर फोटो खिचवाना या उपस्थिति देना ही सब कुछ नहीं होता है। कार्यक्रम में जानकारियां प्राप्त करना ही कार्यक्रम की सार्थकता होती है। कार्यक्रम में रैली, रंगोली, स्वस्थ्य माँ स्वस्थ्य संतान, कुर्सी दौड़, पोषण थाली, प्रतियोगिताओं के आयोजन किये गये जिसमें विजेताओं को विभाग की ओर से पुरूस्कृत किया गया। विजेताओं में तान्या अहिरवार, अक्षत साहू, हरिबाई, स्वस्थ्य माँ स्वस्थ्य संतान प्रतियोगिता में विजेता रहीं। कार्यक्रम में पंजीकृत दल कल्पना लोककलॉ मंडल सागर के द्वारा गीत संगीत, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पोषण स्वच्छता मेरी माटी मेरा देश की जानकारियां प्रदान की।

## मतदाता जागरूकता हेतु रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन

**सागर, देशबन्धु।** मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी के लिए शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीना द्वारा शहरवासियों के मध्य मतदाता जागरूकता हेतु रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीना शहर के विभिन्न महाविद्यालय एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा सहभागिता की गई। मुख्य अतिथि के रूप में बीना एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

# 1 हजार एकड़ शासकीय भूमि औद्योगिक क्षेत्र के लिए आरक्षित हुई

पार्क का नामकरण महाराजा छत्रसाल के नाम, एक करोड़ लागत से प्रतिमा लगेगी

**बरोदिया कलां/मालथौन, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मालथौन व बरोदिया कलां क्षेत्र में 1000 एकड़ शासकीय भूमि बीना रिफाइनरी पेट्रो केमिकल्स कांप्लेक्स के चलते स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाइयों के विकास के लिए आवंटित करने हेतु आरक्षित किये जाने की घोषणा की है। श्री सिंह ने 11 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन किया और भूस्वामित्व अधिकार के तहत 6558 हितग्राहियों को भूखंड के पट्टे आवंटित करने हेतु आयोजित समारोहों को संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने मालथौन में महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा के लिए 1 करोड़ की राशि स्वीकृत की और पार्क का नाम महाराज छत्रसाल के नाम पर करने की घोषणा की। बीना विधायक की मांग पर बीना में महाराणा प्रताप की प्रतिमा के लिए 50 लाख की राशि स्वीकृत की। अपने संबोधन में बताया की शीघ्र ही मालथौन, खुरई क्षेत्र में पेट्रोकेमिकल्स कांप्लेक्स के समांतर औद्योगिक विकास करने हेतु शीघ्र ही इन्वेस्टर मीट आयोजित की जाएगी। सैकड़ों की संख्या में औद्योगिक इकाइयां यहां आएंगी। लाखों की तादाद में रोजगार उपलब्ध होंगे और इससे हुई औद्योगिक प्रगति से क्षेत्र में आर्थिक क्रांति होगी। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि बरोदिया कलां को शीघ्र ही उपतहसील का दर्जा देते हुए तहसील बनाने की प्रक्रिया पर काम चल रहा है। उन्होंने एसडीएम को उमरई और धौरई के बीच बड़ी गौशाला बनाने के निर्देश दिए। बरोदिया कलां में यादव समाज व अहिरवार समाज के




सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिए 25-25 लाख की स्वीकृति दी। नगर परिषद बरोदिया में सोलर प्लांट लगाने की घोषणा की जिससे सस्ती बिजली के कनेक्शन दिए जाएंगे। उन्होंने नगर परिषद को सोलर प्लांट के लिए जगह चिंहित करने के आदेश दिए। समसपुर मंदिर के लिए राशि स्वीकृत की। व्हालीवाल प्रतियोगिता के विजेता उपविजेता को पुरस्कार दिए। दो नये वाहनों का लोकार्पण किया। कई नये कार्य भी स्वीकृत किए। मालथौन में बसस्टैंड परिसर में 30 लाख की लागत से निर्मित दीनदयाल रसोई योजना का शुभारंभ किया। खिमलासा रोड पर 15 लाख की लागत से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण किया। मंत्री श्री सिंह ने संबल योजना के तहत तीन हितग्राहियों को 12 लाख की राशि स्वीकृत की। श्री सिंह ने कहा कि सिर्फ तीन वर्षों में क्षेत्र की गरीबी खत्म हो जाएगी। उद्योग और तीन फसली सिंचाई से खुशहाली और समृद्धि क्षेत्र में चारों ओर होगी। मालथौन स्टेडियम में रनिंग ट्रेक, स्वीमिंगपूल स्वीकृत किए। मालथौन तहसील में सभाकक्ष के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत किए।

## सार समाचार

### बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने की खुदकुशी

**हरपालपुर, देशबन्धु।** बीमारी से जूझ रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुजुर्ग ने अपने घर मे कमरे में घटना को अंजाम दिया। परिजनों ने बुजुर्ग को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो चीखपुकार मच गई। जानकारी मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को नीचे उतार कर पंचनामा बना कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

जानकारी अनुसार नगर के वार्ड 7 कपासमील कॉलोनी में रहने वाले 70 वर्षीय कालीचरण नामदेव कई दिनों से फेफड़ों में कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। जिसके चलते वो कई दिनों से परेशान चल रहे थे। शुक्रवार रात को अपने कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

जिसकी जानकारी सुबह 7 बजे परिजनों को लगी। सुचना पहुँचे थाना पुलिस के एसआई दिलीपकरण नायक ने मर्ग कायम कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बना कर शव को पोस्टमार्टम के लिये नौगॉव भेज दिया। पुलिस कहना कि आत्महत्या के कारणों की जान की जा रही हैं।

### पटवारी को 7 साल की सजा

**छतरपुर, देशबन्धु।** विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार जैन की अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में फैसला सुनाते हुए एक पटवारी को सरकारी काम के लिए 3000 रुपए की रिश्वत लेने का आरोपी ठहराकर भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा-7 में 4 साल के कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अधिवक्ता वशिष्ठ नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी पटवारी का नाम पुष्पेंद्र सिंह है जो कि बिजावर तहसील क्षेत्र के ग्राम धरमपुरा में पदस्थ थे। धरमपुरा में एक नलकूप खनन होना था और इसे राजस्व रिकॉर्ड और कम्प्यूटर में दर्ज कराने के एवज में पटवारी पुष्पेन्द्र सिंह ने फरियादी संतोष गुप्ता से 3 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। 6 जुलाई 2015 को संतोष गुप्ता ने इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस सागर से की थी। शिकायत के सत्यापन हेतु उसे डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर दिया गया, जिसमें पटवारी द्वारा फरियादी से मांगी गई रिश्वत की वॉइस रिकॉर्ड हुई और इसके बाद 8 जुलाई 2015 को लोकायुक्त ने उक्त पटवारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया था। इब इस मामले में विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार जैन ने आरोपी पटवारी को सजा सुनाई है।

### बापू महाविद्यालय में हुआ संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन



**नौगांव, देशबन्धु।** शासकीय बापू महाविद्यालय में आयोजित संभाग स्तरीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में छतरपुर जिले की टीम ने सागर जिला को हराकर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता जीत ली है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के बाद अब उज्जैन में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने वाली टीम भाग लेगी।

म प्र शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा खेल कूद प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 की संभाग स्तरीय टेबिल टेनिस पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय बापू महविद्यालय में शनिवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नौगांव तहसीलदार संदीप तिवारी शामिल हुए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एल एन रावत पूर्व प्राचार्य के द्वारा की गई। प्रतियोगिता में संभाग की 6 जिले की टीम सागर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ, निवाडी, छतरपुर ने भाग लिया। पहला मैच पन्ना एवं टीकमगढ़ के मध्य खेला गया, जिसमें टीकमगढ विजयी रही। क्रमशः सभी मैच खेले गये फाईनल मुकाबला जिला छतरपुर एवं जिला सागर के मध्य खेला गया, जिसमें छतरपुर जिला विजेता रहा। मैच में मुख्य निर्णायक की भूमिका रविन्द्र कुमार सगर ने की एवं प्राचार्य भारतेंदु पटैरिया ने विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया। महाविदयालय के क्रीडाधिकारी डॉक्टर हेमंत यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन क्रीडाप्रभारी श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा एवं मीनाक्षी सिंह के द्वारा किया गया।

## घर के बाहर लगा था पुलिस का ताला

# अंदर सो रहा था पत्नी की हत्या का आरोपी



**नौगांव, देशबन्धु।** शुक्रवार को पत्नी शिखा चौबे की हत्या करके भागने वाले आरोपी पति कल्लू चौबे को पुलिस ने शनिवार की दोपहर को आरोपी के घर से ही गिरफ्तार कर लिया। दरअसल पत्नी की हत्या के बाद भागे कल्लू चौबे के घर के बाहर पुलिस ने बाहर से ताला लगा रखा था तभी कल्लू चौबे मौका पाकर किसी तरह से घर में घुस गया। घर में घुसने की सूचना मिलने पर पुलिस ने पड़ोसी की छत की दीवार फांदकर घर से कल्लू चौबे को पकड़ा है।

शनिवार की सुबह नौगांव थाना पुलिस को सूचना मिली की आरोपी कल्लू चौबे अपने घर के अंदर है। जबकि पुलिस ने हत्या की घटना के बाद शव को पीएम के लिए भेजने के बाद घर के बाहर से ताला लगा दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों ओर से घर की घेराबंदी करके एसआई राजकुमार यादव, एएसआई, आरक्षक अजय साहू, आरक्षक राजकुमार, आरक्षक हरदीन, आरक्षक अभिषेक नायक सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने पड़ोसियों की छत की दीवार फांदकर घर में घुसते हुए हत्या के आरोपी को सोते हुए पकड़ लिया। वहीं इसके बाद प्रधान आरक्षक अरविंद शर्मा सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस थाना परिसर ले जाकर पूंछ तांछ की गई।

इससे पहले शुक्रवार की देर रात थाना पुलिस ने हत्या के साक्ष्य जुटाने के लिए मामले में मदद के लिए छतरपुर से एफएसएल की टीम को बुलाया। एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर हत्या से जुड़े जरूरी साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शुक्रवार की देर रात पुलिस ने मृतिका शिखा चौबे के शव का पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया।

शनिवार की सुबह पुलिस ने पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। महिला के शव का बंछौरा में अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने महिला की मौत के मामले में मर्ग कायम का जांच शुरू कर दी है।

### क्या है मामला

शहर के धौर्रा मंदिर के पास रहने 28 वर्षीय कल्लू चौबे ने शुक्रवार शाम 7 बजे के लगभग अपनी पत्नी शिखा चौबे के साथ मारपीट करते है सर पर डंडा मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी कल्लू चौबे ने उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के अजनर में रहने वाले अपने साले आनंद द्विवेदी को फोन कर कहा कि मैंने तुम्हारी बहन को मार दिया है, आकर लाश ले जाओ। इसके बाद आरोपी कल्लू चौबे अपने 6 वर्षीय बेटे कार्तिक उर्फ बादल को लेकर मौके से फरार हो गया। तो वहीं इतना सुनते हु साला आनंद द्विवेदी अपने परिवार के साथ नौगांव घटना स्थल आ गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। एसआई राजकुमार यादव, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र अहिरवार, प्रधान आरक्षक प्रमोद शर्मा, आरक्षक मुकेश बिरथरे, अजय साहू मोंटी, रीना पटेल सहित अन्य पुलिस बल ने पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर अग्रिम कार्यवाई की है।मृतिका शिखा के भाई आनंद द्विवेदी ने कहा कि बहनोई कल्लू चौबे शराब का आदि था और शराब के नशे में आए दिन बहन के साथ मारपीट करता रहता था, घर में बहनोई के अलावा माता, पिता, तीन भाई और बहन साथ में रहते थे, यह सभी लोग मिलकर मेरी बहन को प्रताड़ित करते थे और मारपीट करते रहते थे। भाई आनंद द्विवेदी ने पुलिस से हत्या के आरोपी कल्लू चौबे सहित परिवारजनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने शिकायती आवेदन पुलिस को सौंपा है।

## सफाईकर्मियों के बीच पहुंची ललिता

# सफाई की होगी वैकल्पिक व्यवस्था





**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले 5 दिनों से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे सफाईकर्मियों की अनुपस्थिति के चलते शहर के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। बीते रोज जिला प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयत्न किया था लेकिन उनका यह प्रयास कारगार साबित नहीं हुआ। इसके बाद शनिवार को एक बार फिर सफाईकर्मियों और जिला प्रशासन की बैठक हुई जिसमें कोई ठोस समाधान तो नहीं निकला लेकिन प्रशासन के आग्रह पर सफाईकर्मियों ने एक दिन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर दी।

सफाई यूनियन के जिलाध्यक्ष आदित्य वाल्मीकि ने बताया कि शनिवार को हुई बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, नगर पालिका के अधिकारी और पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती ललिता यादव उपस्थित थीं। हमने मांगों को पूरा कराने की बात रखी थी जिस पर जिला प्रशासन की ओर से कहा गया है कि आपकी सभी मांगें मुख्यमंत्री तक पहुंचा दी गई हैं, जैसे ही निर्देश मिलेंगे आगे की कार्यवाही की जाएगी। वहीं प्रशासन ने शहर में फैली गंदगी को साफ कराने का आग्रह यूनियन से किया जिस पर यूनियन ने यह निर्णय लिया कि एक दिन के लिए वे वैकल्पिक व्यवस्था करेंगे, जिसमें एक जेसीबी और दो डंफर के साथ कर्मचारी शहर के प्रमुख स्थानों से कचरा उठाएंगे ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था सिर्फ एक दिन यानि कि शनिवार के लिए थी, जब तक मांगों का निराकरण नहीं होगा तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

## युवाओ ने जिला नही तो वोट नही का अभियान हुई शुरुआत



लवकुशनगर, देशबन्धु। लवकुशनगर को जिले बनाने की मांग लंबे दो दशक से चली आ रही है जिसकी गति युवाओ के द्वारा बीते कुछ समय तेज कर दी गई है युवाओ ने क्षेत्र के एक दर्जनों से अधिक ग्रामो मे चौपाल का आयोजन भी किया कुछ दिन पूर्व भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान भी युवाओ ने सम्पूर्ण नगर को बन्द करके लवकुशनगर जिले की मांग को रखा था जिसमे मे यात्रा मे मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने उनकी बात को मुख्यमंत्री के सामने रखने की बात भी कही थी लेकिन एक बार फिर से अब जिला नही तो वोट नही के नारे को साकार करने के लिए युवाओ ने नगर के हर वार्ड मे जिला नही तो वोट नही के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू वार्ड नंबर 10 से किया जिसमे मे नगर के सभी वर्ग मे उत्साह और जोश दिखाई दे रहा सभी नगर वासी अपने युवाओ के साथ स्वर से स्वर मिलाकर सिर्फ एक नारा दे रहे है की जिला नही तो वोट नही राजनगर विधानसभा के नतीजे का फैसला लवकुशनगर की जनता के हाथ मे* बता दे की जो भी पार्टी लवकुशनगर को जिले बनाने की बात अपने घोषणा पत्र मे लिखित रूप से जनता की मांग के अनुसार कार्य करेगी लवकुशनगर की जनता इसके बाद ही अपने मत का प्रयोग चुनावी मैदान मे करेगी।

**सत्ताधारी पार्टी के लिए बन सकता है संकट:** अगर भारतीय जनता पार्टी को राजनगर विधानसभा मे विजय प्राप्त करना है तो जल्द ही आचार सहिता के पूर्व ही लवकुशनगर जिले की बात उन्हे आधिकारिक रूप से करनी होगी अन्यथा की स्तिथि मे उन्हे खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

**लवकुशनगर जिले अभियान से जुड़े नितिन गुरु ने बताया की :** जैसे पार्टिया अपनी टिकट घोषित आधिकारिक करती है उसी तरह हमारे लवकुशनगर को जिला भी आधिकारिक रूप से बनाया जाए नही तो नेता करे चुनाव की तैयारी और नगर की जनता करेगी उनके बहिष्कार की तैयारी।

## अधिवक्ताओं को शॉल-श्रीफल तथा उपहार भेंट किये



**छतरपुर, देशबन्धु।** समाज के विभिन्न वर्गों से मेल-मिलाप करने की मंशा से छतरपुर विधायक द्वारा आयोजित किए जा रहे सम्मान समारोह की श्रंखला में शनिवार को अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया। शहर के किशोर सागर के समीप स्थित सेवा ग्राम परिसर में आयोजित मेल-मिलाप एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में न्यायालय और तहसील के तमाम अधिवक्तागण उपस्थित हुए, कार्यक्रम में के दौरान विधायक आलोक चतुर्वेदी ने न्यायालय के एक अधिवक्ता तेजबहादुर को उपहार स्वरूप साईकिल भेंट की, क्योंकि उनकी साईकिल पिछले दिनों न्यायालय के बाहर से चोर हो गई थी। अधिवक्ता तेज बहादुर ने विधायक से मिले उपहार के प्रति मंच से अनूठे अंदाज में हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा में उद्बोधन देकर आभार ज्ञापित किया।

उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि मेल-मिलाप एवं सम्मान समारोह के इस आयोजन को करने का यह सही समय नहीं है क्योंकि इस समय ऐसे आयोजन करने से यह संदेश जा रहा है कि चुनाव निकट होने के कारण यह आयोजन किया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि मैं सच्चाई को स्वीकारने में संकोच नहीं करता इसलिए कह रहा हूं कि कार्यक्रम आयोजित करने का विचार तो चुनाव के मद्देनजर ही आया था लेकिन अब यह कार्यक्रम बंद नहीं होंगे, चुनाव के बाद भी यह क्रम जारी रहेगा क्योंकि इस बहाने आप सभी से मुलाकात होती है। विधायक आलोक चतुर्वेदी ने आगे कहा कि राजनीति में आने के पीछे मेरा मकसद कभी भी लाभा कमाना नहीं रहा, हम जनता की सेवा करने के लिए राजनीति में आए हैं, जिसके लिए आप सभी के सुझाव और सलाह आवश्यक हैं। यही सुझाव और सलाह लेने के लिए मेल-मिलाप और सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

**सरकार बनते ही प्रदेश में लागू कराएंगे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट :** अधिवक्ताओं द्वारा विधायक आलोक चतुर्वेदी से मांग की गई कि वे कांग्रेस के संकल्प पत्र में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने के संकल्प को शामिल कराएं जिसको लेकर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि वे आज ही इसके लिए पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से बात करेंगे और अधिवक्ताओं की इस मांग को उसमें शामिल कराने का प्रयत्न करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भरोसा भी दिलाया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही अधिवक्ताओं के हित में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाएगा।

## आज श्रीजी की पालकी निकाली जाएगी

**छतरपुर, देशबन्धु।** जैन धर्मावलंबियों के आत्म आराधना के दस दिवसीय पर्युषण पर्व के समापन के बाद अब एक अक्टूबर रविवार को प्रातः साढ़े 7 बजे नगर में श्रीजी की पालकी निकाली जाएगी तथा परस्पर मनोमालिन्य दूर करने क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

प्रो सुमति प्रकाश जैन ने बताया कि दस दिवसीय पर्युषण पर्व की सोल्लास समाप्ति पर आज रविवार को मुनिद्वय श्री विलोक सागर जी एवं श्री विवोध सागर जी महाराज के सानिध्य में श्री जी की पालकी सुबह साढ़े सात बजे श्री नेमीनाथ जिनालय से प्रारंभ होगी, जो महल तिराहा, छत्रसाल चौक होते हुए अतिशय क्षेत्र डेरा पहाड़ी पहुंचेगी। यहां श्री जी का अभिषेक पूजन पूरी धार्मिक प्रभावना के साथ किया जाएगा। इसके बाद ये पालकी डेरापहाड़ी से पुलिस लाइन, महल तिराहा होते हुए वापस श्री नेमिनाथ जिनालय पहुंच कर संपन्न होगी।19 सितंबर से प्रारंभ हुए पर्युषण पर्व 28 सितंबर को सोल्लास संपन्न हुए है। अब नगर में पालकी महोत्सव एवं क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। क्षमावाणी पर्व में विगत में हुई भूलों के लिए परस्पर क्षमायाचना की जाएगी, जिससे संबंधों में प्रगाढ़ता और मधुरता बनी रहे। जैन समाज के अध्यक्ष अरूण जैन अन्नु, उपाध्यक्ष अजय फट्टा, रीतेश जैन, महामंत्री स्वदेश जैन, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र जैन, सह मंत्री अजीत जैन एवं समस्त कार्यकारिण ने आज एक अक्टूबर को पालकी महोत्सव तथा क्षमावाणी पर्व में भाग लेने का आव्हान किया है।

## पूर्व विधायक मुन्ना राजा का धूमधाम से मनाया जन्मदिन



**छतरपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस के गद्दावर नेता शंकर प्रताप सिंह मुन्ना राजा का जन्मदिन हर वर्ष की भांति इस बार राजनगर राजा बलवंत सिंह महाविद्यालय कॉलेज से मनाया गया जहां पर हजारों की संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस कार्यक्रम में क्षेत्र की तमाम दिग्गज हस्तियों ने शिरकत की

इस मौके पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष घासीराम पटेल, गोविंद सिंह टोरिया सहित क्षेत्र की कई दिग्गज हस्तियां और कार्यकर्ता शामिल हुए वही इस मौके पर मीडिया के सवाल पर मुन्ना राजा बोले की मै प्रत्याशी नहीं हूं मेरा पुत्र सिद्धार्थ चुनाव की। तैयारी कर रहा है और अखलेश से मुलाकात पर बोले की मै निजी संबंधों के चलते मुलाकात करने गया था। जन्मदिन के मौकै पर उनके शुभचिंतकों ने पुष्प माला पहना कर उनके दीघार्यु की कामना की। शुभकामनाएं देने का शिलशिला देर रात तक चलता रहा।

### टैक्टर चोरी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**हरपालपुर, देशबन्धु।** थाना पुलिस ने टैक्टर चोरी की घटना में 12 घण्टे में टैक्टर बरामद किया था लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया था जिसकी तलाश पुलिस के द्वारा की जा रही थी। शनिवार को थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि टैक्टर चोरी के मामले का आरोपी घूम रहा है जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह उपनिरीक्षक दिलीप करन नायक ने रद्दी चौकी के समीप आरोपी भूपेन्द्र कुशवाहा पिता ठाकुरदास कुशवाहा निवासी नाऊपहाड़िया दबोच कर न्यायालय में पेश किया।

## 22 लाख के विकास कार्यों की आधारशिला रखी



**छतरपुर, देशबन्धु।** शनिवार को जनपद पंचायत छतरपुर अंतर्गत आने वाली दो ग्राम पंचायतों में 22 लाख के विकास कार्यों की आधारशिला जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या हरिओम अग्निहोत्री द्वारा रखी गई। श्रीमती अग्निहोत्री ने बतौर मुख्य अतिथि दोनों पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। इस मौके पर उनके साथ छतरपुर विधानसभा से भाजपा की प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव मौजूद रहीं।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या हरिओम अग्निहोत्री ने बताया कि ग्राम पंचायत देरी में नाली निर्माण और ग्राम पंचायत बृजपुरा में स्कूल की बाउंड्री वॉल का निर्माण जिला पंचायत के 15वें वित्त की राशि से होना है। इन कार्यों की लागत 22 लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि आज भूमिपूजन करते हुए निर्माण एजेंसियों को गुणवत्तायुक्त कार्य समय-सीमा में करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 4 करोड़ 8 लाख की राशि से विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शशिकांत अग्निहोत्री, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, बृजपुरा सरपंच पंकज मिश्रा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## मेला जलबिहारःधार्मिक वातावरण से बृजधाम बना परिसर

# समरता के भाव को प्रकट करता मेला जलबिहार : सिंह

*__छतरपुर, देशबन्धु।__ श्रावण द्वादशी माँ अन्नपूर्णा मेला जलबिहार गल्लामण्डी के 80वें आयोजन की तीसरी शाम मेला परिसर सहित सम्पूर्ण क्षेत्र धार्मिक वातावरण से बृजधाम के समान नजर आ रहा है, जहाँ देखो वहां भक्त भक्ति से सरावोर दिख रहे है, मयूर नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।*

*मयूर नृत्य मण्डल के कलाकारों ने गणेश वंदना, बृज वंदना से कार्यक्रम की शुरूवात कर माँ काली, माँ दुर्गा और भगवान शंकर की सजीव झांकियों का प्रदर्शन मंच से किया तथा धार्मिक गीतों पर एक से बढक़र एक नृत्य प्रस्तुतियां दी। मंचीय कार्यक्रम के पूर्व माँ अन्नपूर्णा, श्री कुंज बिहारी जी महाआरती की गई जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अर्चना गुड्डू सिंह, व्यापारी एवं समाजसेवी श्रीमती सुनीता-सुनील असाटी, भाजपा नेत्री द्रोपदी कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए। मेला जलबिहार समिति के सह संयोजक दिलीप सेन ने जानकारी देते हुए*



*बताया मंच से मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अर्चना गुड्डू सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जो मेले होते वह कहीं-कहीं समरसता का भाव प्रकट करते है, एक ही पण्डाल में विभिन्न जाति व वर्ग के लोग एक साथ बिना किसी भेदभाव के बैठते हैं, मेला जलबिहार समरसता का सबसे बड़ा केन्द्र है, यह मेला हमारी संस्कृति को दर्शता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी एवं व्यापारी सुनील असाटी ने कहा कि मेला जलबिहार हमारी गल्लामण्डी की पहचान जिसकी ख्याति सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड में प्रख्यात है।*

*मेला समिति के संरक्षक मण्डल सदस्यों ने अतिथियों का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। स्वागत भाषण मेला जलबिहार समिति के अध्यक्ष नारायण मिश्रा, आभार प्रदर्शन संरक्षक सदस्य राकेश रूसिया एवं कार्यक्रम का संचालन समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष सौरभ तिवारी ने किया। मेला जलबिहार के सांस्कृतिक मंच से आज दिनांक 01 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है, 2 अक्टूबर को राखी आजाद उरई एवं नीलम विश्वकर्मा द्वारा जवाबी कीर्तन, 3 अक्टूबर को ब्लाइंड स्टार म्यूजिक ग्रुप के नेत्रहीन कलाकारों द्वारा आर्केस्ट्रा, 4 अक्टूबर को पुनः क्रांतिमाला कानपूर एवं शशिराजकमल रायबरेली द्वारा जवाबी कीर्तन तथा 5 अक्टूबर को खनिज देव सिंह एण्ड ग्रुप द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जायेगी।*

# साहित्य

## कहानी

# जीवन से विदा लेती ध्वनि

■ रमेश शर्मा

'बाबू जी धीरे चलना... प्यार में ज़रा संभलना....!' वह जिस शख़्स के पीछे सड़क पर चल रहा था उसके सेल फोन में उस वक्त यह फिल्मी गीत बज रहा था। यूं तो इस धुन को उसने पहले भी सुन रखा था पर इसे उस शख़्स के पीछे चलते हुए उस वक्त सुनना न जाने क्यों आज उसे अच्छा लगने लगा। उसे हमेशा लगता कि हर चीज की एक नियत जगह होती है दुनियां में, और उस नियत जगह पर उस चीज की खूबसूरती अपने आप बढ़ जाती है। सुबह का यह समय रायगढ़ की गज़मार पहाड़ी के नीचे घूमती हुई चिकनी सडकों पर चलते हुए यूं भी कितना खूबसूरत हो जाया करता है। इस समय में इस धुन को सुनते हुए लगा उसे कि कुछ चीजें अपनी जगह अपने आप ढूँढ लेती हैं! अगर हम उन्हें उनकी सही जगहों पर पा सकें तो कितना सुकून मिलता है। इस फ़िल्मी धुन को सुनने की खातिर ही उसने आगे जा रहे उस शख्स के कदमों की रफ़्तार के साथ अपने कदमों की रफ़्तार को संयोजित करने का भरपूर प्रयास किया। कदमों को संयोजित करने की कोशिश में उसे बहुत सी बातें याद आने लगीं।

'एडजेस्टमेंट करना तो कोई तुमसे सीखे सियो !' निया ने एक बार उससे सीरियस होकर कहा था। उसका एडजेस्टमेंट शब्द पर इतना जोर था कि वह समझ नहीं पा रहा था कि आखिर वह कहना क्या चाहती है ? उसने निया से जिरह करना मुनासिब नहीं समझा कि आखिर उसे इस शब्द से आपत्ति क्यों है। इस तरह जिरह न करना भी उसकी परिस्थिति के मुताबिक एक किस्म का एडजेस्टमेंट ही था।

एक बार सामान्य सी बातचीत के दौरान उसने उससे पूछा था – 卐मुक्ति का रास्ता कठिन क्यों होता है निया ? इतना कठिन कि हम हर जगह एडजेस्टमेंट करने को मजबूर हो जाते हैं। एक ही रास्ता बचता है हमारे पास, दुनियां में अपने कदमों को गतिशील रखना है तो खुद को भीतर से बदल डालो।

उसकी बातें सुनकर अचानक निया का चेहरा एक किताब की शक्ल का होने लगा था। एक ऐसी किताब जिसमें जीवन में मिले कठोर अनुभवों की कहानियां पढ़ी जा सकें।

'मैं ऐसा नहीं मानती सियो ! हर जगह एडजेस्टमेंट करना सबके लिए संभव नहीं।मेरे लिए तो बिल्कुल भी नहीं। इस तरह तो मुझे कभी मुक्ति नहीं चाहिए। चलो मान लिया कि बदलाव जीवन जीने की एक कला है।सत्ता और दुनियावी रिश्तों से एडजेस्टमेंट का एक हुनर ! यह सोचकर हम दूसरों के अनुरूप अपने को भीतर से हर वक़्त संपादित करते रहते हैं, पर यह तो अपने आपसे धोखा हुआ सियो ! आखिर कब तक हम सेल्फ एडिटिंग का शिकार होते रहें ? कब तक अपने को धोखे में रखें? दुनियां को खुश रखने के लिए सेल्फ एडिटिंग का बोझ आखिर कोई क्यों ढोए सियो ?

और इस एडजेस्टमेंट शब्द को लेकर उनमें अक्सर मतभेद हो जाया करते थे। वह उस वक्त सोचता रहा .... क्या एडजेस्टमेंट की भी अपनी कोई खूबसूरत और रचनात्मक जगह होती है ?

शायद होती हो, शायद नहीं भी ! पर अब तक उसने जो देखा समझा था, उससे तो यही लगा था उसे कि एडजेस्टमेंट की कोई सुन्दर जगह नहीं होती। आदमी अनिच्छा से, लालच से या मजबूरी में एडजेस्टमेंट करता रहता है। जीवन भर। उसकी तरह। नौकरी की खातिर। नौकरी बचाने के लिए।

उसे लगता है प्राइवेट संस्थान में काम करते हुए अगर वह एडजेस्टमेंट न करे तो उसकी नौकरी कभी भी चली जाए। सत्ता के सुर में सुर न मिलाने की वजह से कई मीडिया कर्मियों को उनके मालिक नौकरी से निकाल चुके थे। यह सब आज भी वह अपनी नंगी आँखों से देख रहा है। यह सोचकर ही उसके भीतर डर की एक चिड़िया आकर बैठ गयी थी।

सामने चल रहा शख़्स अपने ही धुन में चला जा रहा था। सर्दियों का मौसम था। पुमा के स्पोर्ट्स शू उस शख़्स के पांवों के फिटनेस को जहां चुस्त दुरुस्त किये हुए थे वहीं उसने अपनी देह पर एक पश्मीने का शाल ओढ़ रखा था। चीजें उसके ऊपर कितना तो फब रही थीं। उसे फिर से महसूस हुआ कि हर चीज का अपनी सही जगहों पर होना भी कितना जरूरी है। दुधिया कलर का शाल ओढ़े उस ब्यक्ति के पीछे पीछे चलना आज उसे दोहरा सुकून दे गया था।

'सुकून भी कितना दुर्लभ हो गया है जीवन में।' – सुकून मिलने के इस दुर्लभ अनुभव ने चलते चलते उसके मन को इस एहसास से भी भर दिया था। 卐बड़े शहर जेब कतरों की तरह होते हैं। वे हमें लुभाते हैं, चकित करते हैं और चुपके से हमारी जेब काट लेते हैं।卐 बाजू में चल रहे एक कस्बाई आदमी को एक दूसरे कस्बाई आदमी से यह कहते हुए उसने जब सुना तो उसके शब्दों से वह थोड़ा अचम्भित सा हुआ। चलते चलते वह सोचने लगा .... लोगों के पास न जाने किस–किस तरह के अनुभव होते हैं जिसे वे कितनी खूबसूरती से व्यक्त कर साझा भी कर लेते हैं।

साझा करने की बात को लेकर उसके भीतर बहुत सी बातें फिर से आने जाने लगीं। वह सोचने लगा .... बातों का साझापन भी जीवन की कई छोटी छोटी कहानियों को अपने साथ लेकर चलता है।

वह अपने भीतर भी कुछ टटोलने लगा। शायद कोई कहानी हो जिसे वह किसी से सुना सके। जीवन की सारी कहानियाँ समझौतों में लिथड़ी हुईं मिलीं उसे। उसके मैनेजर का आदेश उसे याद आने लगा –卐यह बात गाँठ बांधकर रख लो कि सत्ता के विरूद्ध कोई टिप्पणी कहीं भी नहीं करनी किसी को। सत्ता कुमार्गी हो जाए तब भी उसकी हाँ में हाँ मिलाना, उसका सपोर्ट करना निहायत जरूरी है हमारे लिए। सबने कितनी बेशर्मी से उस दिन हाँ में हाँ मिलाया था।

उसके बाद किस तरह उसके साथी और वह खुद भी सोशल मीडिया में सत्ता के पक्ष में माहौल बनाने के लिए ट्रोल आर्मी की भूमिका में आ गए थे।

यह सब कहानी वह किसे सुनाए? किस तरह साझा करे किसी से ?सुनते ही लोग थू करने लगेंगे उस पर। अचानक उसे लगा कि उसका ज़मीर मर चुका है। एक गालीबाज़ को, एक बलात्कारी को भी वह अब सही ठहराने लगा है। उनके पक्ष में तर्क देने लगा है। सोचकर अचानक लगा उसे, जैसे उसने अपने वजूद को ही किसी गलत जगह पर लाकर टिका दिया है। कुछ समय के लिए उसे अपने आप से घिन्न सी आने लगी।

आसमान में सूरज निकल चुका था। सडकों पर चहल पहल बढ़ गयी थी। उसके आगे–आगे चलने वाला शख़्स अब अपने गन्तव्य को जा चुका था। उसके जाने के साथ साथ 'बाबू जी धीरे चलना, प्यार में ज़रा संभलना......' वाले गीत की ध्वनि भी उससे विदा ले चुकी थी। उस वक्त उसके मन में कुछ इस तरह के भाव आ–जा रहे थे कि उसे लगने लगा जैसे अचानक उसके जीवन में किसी ध्वनि का इंतकाल हो चुका है।

**92 श्रीकुंज , बोईरदादर, रायगढ़ छत्तीसगढ़**

## ग़ज़ल

■ इब्न-ए-इंशा

दिल हिज्र के दर्द से बोझल है अब आन मिलो तो बेहतर हो

इस बात से हम को क्या मतलब ये कैसे हो ये क्यूँकर हो

इक भीक के दोनों कासे हैं इक प्यास के दोनो प्यासे हैं

हम खेती हैं तुम बादल हो हम नदियाँ हैं तुम सागर हो

ये दिल है कि जलते सीने में इक दर्द का फोड़ा अल्लहड़ सा

ना गुप्त रहे ना फूट बहे कोई मरहम हो कोई निश्तर हो

हम साँझ समय की छाया हैं तुम चढ़ती रात के चन्द्रमाँ

हम जाते हैं तुम आते हो फिर मेल की सूरत क्यूँकर हो

अब हुस्न का रुत्बा 'आली है अब हुस्न से सहरा ख़ाली है

चल बस्ती में बंजारा बन चल नगरी में सौदागर हो

जिस चीज़ से तुझ को निस्बत है जिस चीज़ की तुझ को चाहत है

वो सोना है वो हीरा है वो माटी हो या कंकर हो

अब 'इंशा'-जी को बुलाना क्या अब प्यार के दीप जलाना क्या

जब धूप और छाया एक से हों जब दिन और रात बराबर हो

वो रातें चाँद के साथ गईं वो बातें चाँद के साथ गईं


अब सुख के सपने क्या देखें जब दुख का सूरज सर पर हो

## पुस्तक समीक्षा

# रोचक किस्सों का दस्तावेज

■ रोहित कौशिक

जिंदगी के किस्से यदि सपाट रूप से लिखे जाएं तो वे सिर्फ किस्से बन कर रह जाते हैं। जाहिर है सपाटबयानी में वह रचनात्मकता नहीं होती जिससे माध्यम से कोई भी कथा हमारी स्मृति का हिस्सा बन पाती है। प्रतिष्ठित युवा लेखक विपिन शर्मा ने हाल ही में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'तुम जिन्दगी का नमक हो'में जिंदगी की छोटी–छोटी कहानियां रोचक अंदाज में लिखी हैं। विपिन शर्मा के गद्य का लालित्य इन कथाओं को और भी प्रभावी बनाता है। ये किस्से छोटे जरूर हैं लेकिन इन छोटे–छोटे किस्सों में बड़ा दर्शन छिपा हुआ है। इन कथाओं का मूल स्वर प्रेम है। अक्सर हम बहुत ही सीमित और परम्परगत दायरे में प्रेम का अर्थ ग्रहण करते हैं। इन कथाओं में प्रेम के विभिन्न स्वरूप महसूस किए जा सकते हैं। जिंदगी से प्रेम किए बिना हम प्रेमिका से भी प्रेम नहीं कर सकते। इसलिए यहां एक तरफ जिंदगी से भरपूर प्रेम है तो दूसरी तरफ प्रेमी और प्रेमिका के बीच इश्क की कशिश भी है। जाहिर है कि जब जिंदगी से भरपूर प्रेम होगा तो जिंदगी से जुड़ी विभिन्न विसंगतियां भी किसी न किसी रूप से हमारे ऊपर अपना प्रभाव डालेंगी। इसलिए इन कथाओं में कहीं न कहीं जिंदगी की विसंगतियां भी मौजूद हैं।




पुस्तक : तुम जिन्दगी का नमक हो
लेखक : विपिन शर्मा
प्रकाशक : पुस्तकनामा, गाजियाबाद
मूल्य : 120 रुपये

इन किस्सों को पढ़ते हुए महसूस होता है कि इनमें सिर्फ कोरी कल्पना नहीं हैं बल्कि परोक्ष रूप से लेखक की रोजमर्रा की जिंदगी के अनुभव भी मौजूद हैं। जीवनानुभव से निकले किस्से जिंदगी के ज्यादा करीब तो होते ही हैं, विश्वसनीय भी होते हैं। निश्चित रूप से किसी भी कथा में कल्पनाशीलता का अपना महत्व होता है लेकिन यदि कल्पनाशीलता जीवनानुभव पर आधारित हो तो वह ज्यादा तार्किक होती है। यही कारण है कि इन किस्सों को पढ़ते हुए एक आत्मीय जुड़ाव महसूस होता है। ज्यों–ज्यों हम इस किताब को पढ़ते हुए आगे बढ़ते है, त्यों–त्यों इन किस्सों से हमारी रागात्मकता बढ़ती चली जाती है। इस दौर में जबकि बौद्धिक वर्ग कई तरह के वादों में उलझा अतिवाद का शिकार हो रहा है, ये कथाएं एक बनी बनाई लीक तोड़ती हुई अंधेरे में लैम्प पोस्ट की तरह हमें प्रकाशित करती हैं।

यहां कई शहर हैं, शहर की गलियां हैं, गांव हैं, चांद–तारे हैं, पहाड़ हैं, प्रकृति के विभिन्न रूप हैं तथा कई लेखक और शायर हैं। यानी एक मुकम्मल जिंदगी की कई बिखरी हुई तस्वीरें हैं। इन बिखरी हुई तस्वीरों से ही जिंदगी की एक बड़ी तस्वीर जुड़ती और पूर्ण होती है। दरअसल जिंदगी हमेशा गुलाबी नहीं होती। किसी एक रंग से रंगी जिंदगी वास्तविकता से बहुत दूर होती है। इसलिए कन कथाओं में परेशानियों और संघर्षों का रंग भी है। यह संघर्ष कई स्तरों पर दिखाई देता है। प्रेम के रास्ते पर चलते हुए संघर्ष न हों तो फिर ऐसे प्रेम का क्या औचित्य ? कभी यह संघर्ष हमारे प्रेम को और मजबूती प्रदान करता है तो कभी हालात की कठपुतली बनकर हमारे प्रेम को कमजोर भी कर देता है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि संघर्ष के समय हमारा दृष्टिकोण क्या है ? ये कथाएं विभिन्न परिस्थितियों में कहीं न कहीं हमारे दृष्टिकोण को भी परिलक्षित करती हैं।

इन किस्सों में स्थानीय जीवन की हलचल है तो अन्तरराष्ट्रीय विमर्श भी है। यह सही है कि रोजमर्रा की स्थानीय गतिविधियां हमारे जिंदगी का आधार हैं, तो अन्तरराष्ट्रीय गतिविधियां भी किसी न किसी रूप में स्थानीय गतिविधियों पर अपना प्रभाव डालती हैं। निश्चित रूप से इस प्रभाव को एक संवेदनशील लेखक ही अपनी रचनाओं में दर्ज कर सकता है। इस बदलाव और प्रभाव को विभिन्न लेखक अलग–अलग तरीकों से दर्ज करते हैं। असली सवाल यह है कि क्या लेखक इन बदलावों को सहज तरीके से अपनी रचनाओं में दर्ज कर पाता है ? बड़ी बात यह है कि विपिन शर्मा इन बदलावों को बहुत ही सलीके से इन किस्सों में दर्ज करते हैं। एक ऐसा भी अजीब समय हम सबने देखा है कि जब 'पॉजिटिव 'शब्द हमारे लिए खतरे की घंटी बन गया था। यदि पिछले कुछ समय के किस्से लिखे जाएं और उन किस्सों में हमारी जिंदगी को बदरंग करने वाली महामारी का जिक्र न हो जो निश्चित रूप से यह स्वाभाविक नहीं होगा। महामारी के किस्से भी इस किताब को प्रासंगिक बनाते हैं। जीवंतता और रोचकता से ओत–प्रोत इन किस्सों को निश्चित रूप से पढ़ा जाना चाहिए। इन अद्भुत किस्सों को लिखने के लिए विपिन शर्मा बधाई के पात्र हैं।

## फ़िल्म

# 'कलयुग'

■ अजय चंद्रवंशी

**श्याम बेनेगल ( 1981 )**

महाभारत की कथा विघटित होते गण समाजों और विकसित होते राजसत्ता के दौर की कहानी है। यह अपने यथार्थवादी दृष्टिकोण के लिए भी चर्चित रहा है। इसमे जिस तरह से सत्ता की केन्द्रीयता है और 'नैतिकता' को द्वितीयक दर्जा दिया गया है वह बाद के सामंती समाजों में कम से कम सैद्धांतिक स्तर पर दुर्लभ रहा है। महाभारत में यह प्रकट रूप से है।वहां सत्ता प्राप्ति के लिए नैतिकता–अनैतिकता का मापदंड खत्म सा हो गया है; खून के रिश्ते और पारिवारिक सम्बन्ध बेमानी हो गये हैं। एक तरह से वहां आधुनिक पूंजीवादी समाजों की सामाजिक सम्बन्धों की पूर्व पीठिका सा है। यह अकारण नहीं पौराणिक काल निर्धारण में महाभारत(द्वापर) के बाद ही 'कलयुग' का आगमन होता है।

कलयुग(कलियुग) शब्द से ही एक नकारात्मकता का बोध प्रकट किया जाता रहा है।यानी यह युग नहीं मूल्यबोध हो गया है।बहुधा इसे 'सतयुग' के विपरीत देखा जाता है। सतयुग में जहां सब कुछ 'अच्छा' था वहीं कलयुग में अधिकतर बुरा।यों कल(कलि)युग का शाब्दिक अर्थ 'मशीनी युग' भी होता है। खासकर पन्द्रहवी–सोलहवीं शताब्दी के व्यापारिक पूंजीवाद के दौर में सामंती मूल्यों के एक हद तक विघटन ने कलयुग की अवधारणा को बल दिया, क्योंकि लंबे समय से चले आ रहे सामंती मूल्यों का बिखराव एक झटके के समान था जिसकी एक प्रतिक्रिया कलयुग के रूप प्रकट हुई।

'महाभारत' और 'कलयुग' के इस सम्मिलन ने भारतीय समाज को गहरे रूप से प्रभावित किया है। आज भी पारिवारिक कलह की तुलना महाभारत से की जाती है और सामाजिक मूल्यों से विचलन को कलयुग का प्रभाव भी कहा जाता है।

फ़िल्म 'कलयुग' में इसी तरह की पारिवारिक 'महाभारत' की कहानी है।फ़िल्म में एक ही परिवार के दो पीढ़ी के बाद के दो हिस्सों में व्यापारिक परिस्पर्धा और प्रतिष्ठा की लड़ाई है। यह लड़ाई प्रच्छन्न से क्रमश: प्रकट होती जाती है।कहाँ तो खून के रिश्ते और प्रेम! और कहाँ हर पल दूसरे को नीचा दिखाने की चाह! इसकी चरम बदला और हत्या तक चली जाती है। परिणाम वही होता है सर्वनाश; किसी को कुछ हासिल नही!

फ़िल्म में भीष्मचन्द और रामचन्द नामक दो कारोबारी भाइयों की कहानी है। भीष्मचन्द अविवाहित है और उसने रामचन्द के निधन के बाद उसके दोनो बेटों खूबचन्द और पूरनचंद को पाल–पोसकर बड़ा किया।खूबचन्द के बेटों धनराज और सन्दीपराज की पूरनचंद के बेटों धरमराज, बलराज और भरतराज के बीच अदावत चलती रहती है।

फ़िल्म में महाभारत की तरह एक निरापद पात्र 'करन' भी है,जो अनाथ है और जिसकी भीष्मचन्द ने परवरिश की है। वह धनराज को कारोबार में सहयोग करता है और वहां उसका उचित सम्मान है, मगर फिर भी आख़िरकार वह पारिवारिक सदस्य नहीं हैं इसलिए काबिल होकर भी उसकी सीमाएं है। भरतराज और उसके भाई तो और भी उसे उपेक्षित करते हैं क्योंकि वह उनके 'दुश्मन' के खेमे में है।

मगर विडम्बना कि वे तीनों उसके भाई ही हैं। पिता की अक्षमता के कारण उनकी माँ सावित्री के स्वामी प्रेमानन्द से संसर्ग से तीन बच्चे हुए जिन्हें पिता का नाम मिला। करन उन्ही से विवाह पूर्व का सन्तान है जिसे किसी का नाम नहीं मिला इसलिए उपेक्षित है। यह राज़ सावित्री, भीष्मचन्द तक सीमित है।

> कलयुग(कलियुग) शब्द से ही एक नकारात्मकता का बोध प्रकट किया जाता रहा है।यानी यह युग नहीं मूल्यबोध हो गया है।बहुधा इसे 'सतयुग' के विपरीत देखा जाता है। सतयुग में जहां सब कुछ 'अच्छा' था वहीं कलयुग में अधिकतर बुरा।यों कल(कलि) युग का शाब्दिक अर्थ 'मशीनी युग' भी होता है।

करन की योग्यता उसके पहचान के संकट के आगे निस्तेज है, फिर भी उसमे विद्रोह नहीं मानवीयता है। मगर धनराज के प्रति निष्ठा के कारण वह भरतराज परिवार को पछाड़ने के लिए हत्या करवाने की हद तक जाता है। और जब उसके सामने उन्ही के भाई होने की हक़ीकत खुलती है तब आत्मग्लानि, क्षोभ और बेबसी के सिवा कुछ नहीं रह जाता। अंतत: वह भी कर्ण की तरह मारा जाता है। इस हक़ीक़त से भरतराज का परिवार भी आहत होता है मगर तब तक सब बर्बाद हो चुका होता है।

फ़िल्म में स्त्रियां लगभग यांत्रिक हैं और पितृसत्ता के मूल्यों से संचालित हैं। वे इस पारिवारिक तबाही को निष्क्रिय तटस्थता से देखती रहती हैं। सावित्री जरूर कुंती की तरह करन के पास जाकर उसे भाई होने की दुहाई देकर इस बर्बादी को रोकने का प्रयास करती है,और करन द्वंद्व से मुक्त होकर सहयोग करने का प्रयास भी करता है मगर हालात हाथ से फिसलते चले जाते हैं।'सुप्रिया' का चरित्र द्रोपदी सा है,परिवार में निर्णयों में एक हद तक हस्तक्षेप है।पति से एक समय के बाद अनौपचारिक दूरी सी है।आखिर में भरतराज से निकटता बढ़ाने का संकेत है। वह परिवार में अपनी स्थिति मजबूत रखने के लिए प्रयत्नरत दिखाई पड़ती है।




कुल मिलाकर फ़िल्म आधुनिक अभिजातवर्गीय परिवार का महाभारत है।सामंती–पूंजीवादी मूल्यों से संस्कारित इस परिवार में झूठी प्रतिष्ठा और संदेह के आगे मानवता दम तोड़ देती है। ये जितने एक दूसरे के करीब दिखते हैं उतने ही दूर हैं।इनका मिलना–जुलना, इकट्ठा होना सब यांत्रिक है,अंदर कहीं नफ़रत और प्रतिस्पर्धा है। यहां भाई–भाई, पति–पत्नी सब जैसे किसी औपचारिकता का निर्वहन कर रहे हैं। रिश्तों में गर्माहट कहीं नहीं है।

फ़िल्म का निर्देशन, चुस्त कथानक और सांकेतिकता, अभिनय सभी महत्वपूर्ण हैं।पात्रों के द्वंद्व, परिस्थितियों की विडम्बना और बेबसी को बेहतर ढंग से उभारा गया है। धनराज का आत्महत्या से पहले अपनी छोटी बच्ची से पोयम सुनने का सुखद वातावरण एक झटके में मातम में बदल जाना हतप्रभ करता है। इस तरह और भी छोटी–छोटी घटनाएं हैं जो सार्थक निर्देशन को प्रकट करते हैं। पात्रों की संख्या अधिक होने के कारण भूमिकाएं सीमित मगर महत्वपूर्ण हैं। महाभारत अपने विराटता और यथार्थवादी चित्रण के कारण हर दौर के कलाकारों को प्रभावित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा।

**कवर्धा**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# छोटे-छोटे बच्चों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का हुनर किसी ने बनाया चंद्रयान तो किसी ने बनाई जेसीबी

**जैसीनगर, देशबन्धु।** बच्चों में छिपी प्रतिभा को विकसित करने के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस साल शासकीय विद्यालयों में सृजन सीख साझा करने का उत्सव कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है जिसमें शाला स्तर से लेकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है, वही जैसीनगर सीएम राइज विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों के लिए शनिवार को सृजन सीख साझा करने का उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जैसीनगर सरपंच नंदलाल चाढर स्थानीय पत्रकार और अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और स्कूल के प्रिंसिपल जीवनलाल सिलावट द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी, साथ ही बच्चों ने वैज्ञानिक आधार पर अनेक मॉडल बनाए जिसमें चंद्रयान, जेसीबी मशीन, बैटरी से चलने वाला पंखा, पानी में चलने वाली मोटरयान, गिनती मशीन, कोरोना से लड़ाई और बचाव के उपाय को लेकर चार्ट, पर्यावरण के घटक को समाहित करते हुए चार्ट मौसम का चार्ट बच्चों द्वारा तैयार किया गया जिसे देखकर अतिथियों और अभिभावकों ने बच्चों और स्कूल के शिक्षकों की तारीफ की, साथ ही बच्चों को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। प्रिंसिपल जीवन लाल सिलावट ने बताया बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ उनकी बौद्धिक और प्रतिभा को निखारने के लिए लोक शिक्षण संचनालय के आदेश पर इस तरह के कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राथमिक शाला के प्रधानाध्यापक अजय मिश्रा ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक विजयशंकर साहू ने किया।



# सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा चाय पर चर्चा का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वाहन पर चाय पर चर्चा का आयोजन कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें सांस्कृतिक क्षेत्र में कार्यरत नगर के आम जन एवं प्रकोष्ठ के कार्यकर्त्ता सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अर्पित पाण्डेय ने कहा की मप्र में भाजपा की सरकार आने के बाद जहां बीमारू राज्य से बाहर निकलकर निरंतर विकसित राज्य की और अग्रसर हैं। पहले प्रदेश की जनता मूलभूत सुविधाओं की भी मोहताज थी लेकिन आज प्रदेश मूलभूत आवश्यताओं की पूर्ति से आगे निकल कर विकसित प्रदेश की पंक्ति में हैं। वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आने के बाद भारत का चहुमुखी विकास के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का गौरव बढ़ा हैं। इस अवधि में भारत में राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, कृषि, सेना सशक्तिकरण, अंतरिक्ष कार्यक्रमों, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य सुविधाये, विदेश नीति सहित तमाम क्षेत्रो में आमूल चूल परिवर्तन हुए हैं जिससे भारत आज विश्व के अग्रिम पंक्ति के देशो में मजबूती के साथ खड़ा हैं, प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश पंडित ने कहा की भाजपा पूरे देश में एक मात्र ऐसी पार्टी हैं, जिसे अपने पारम्परिक मूल्यों एवं संस्कृति पर गर्व हैं आज बड़ी संख्या में सांस्कृतिक क्षेत्र में लोग कार्यरत हैं, चूंकि भाजपा हमेशा से ही सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर हमारी परम्पराओ एवं संस्कृति को परिपक्व करने में योगदान करती आई हैं इसलिए इस क्षेत्र में कार्य करने वाले लोग बड़ी संख्या में भाजपा से देश व्यापी रूप में जुड़ रहे हैं, चर्चा में सम्मिलित अन्य व्यक्तियों ने भी अपने अपने विचार रखे।

# वेतनमान का निर्धारण करने की एवज में रिश्वत लेने वाले बाबू को 4 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** वेतनवृद्धि के एरियर एवं सातवें वेतनमान के निर्धारण करने के ऐवज में रिश्वत लेने वाले आरोपी सहायक ग्रेड - तीन सुरेन्द्र सिंह को विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सागर मप्र आलोक मिश्रा की अदालत ने दोषी करार देते हुये भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा.7, 12,13(1)(बी) सहपठित धारा 13(2) के अंतर्गत 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दस हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद कुर्मी ने की। घटना इस प्रकार है कि 6 मई 2019 को आवेदक सतीश गोलंदाज, छात्रावास अधीक्षक बीना ने पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त कार्यालय सागर को सम्बोधित करते हुये एक लिखित शिकायत आवेदन इस आशय का दिया कि उसकी वार्षिक वेतनवृद्धि 1 जुलाई 2018 को लगनी थी, जो कि 9 माह बाद मार्च 2019 में लगाई गई। उक्त वेतनवृद्धि के एरियर और सातवें वेतनमान का निर्धारण करने हेतु अभियुक्त सुरेंद्र सिंह ने 10,000 रुपए की मांग की। वह अभियुक्त को रिश्वत नहीं देना चाहता, बल्कि रंगे हाथों पकड़वाना चाहता है। कार्यवाही किये जाने का निवेदन किया।

तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, वि.पु.स्था. ने उक्त आवेदन पर अग्रिम कार्यवाही हेतु निरीक्षक मंजू सिंह को अधिकृत किया। आवेदन में वर्णित तथ्यों के सत्यापन हेतु एक डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर दिया गया इसके संचालन का तरीका बताया गया, अभियुक्त से रिश्वत मांग वार्ता रिकॉर्ड करने हेतु निर्देशित किया तत्पश्चात् आवेदक द्वारा मांग वार्ता रिकार्ड की गई एवं अन्य तकनीकि कार्यवाहियां की गई एवं टेप कार्यवाही आयोजित की गई। नियत दिनांक को आवेदक द्वारा अभियुक्त को राशि दी गई व आवेदक का इशारा मिलने पर दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और निरीक्षक मंजू सिंह ने अपना व ट्रेपदल का परिचय देकर अभियुक्त का परिचय प्राप्त करने के उपरांत, आवेदक से रिश्वत राशि के संबंध में पूछे जाने पर आवेदक ने बताया कि अभियुक्त सुरेंद्र सिंह ने 10,000 रुपए की रिश्वत राशि अपने हाथ में लेकर पहने हुये फुलपेंट की जेब में रख ली है, तब मौके पर कार्यवाही प्रारम्भ की गई। उक्त आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

## नाबालिग बालिका से दुष्कृत्य करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** नाबालिग बालिका के साथ दुष्कृत्य करने वाले अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट एवं नवम अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5(एम) सहपठित धारा 6 एवं 5(एन) सहपठित धारा 6 के तहत दोनों धाराओं में 20-20 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच-पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। न्यायालय द्वारा बालिका को क्षतिपूर्ति के रूप में युक्तियुक्त प्रतिकर 4,00000 रूपये दिये जाने का आदेश दिया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मनोज पटैल ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता की मां ने 19 मार्च 22 को पुलिस थाना मकरोनिया में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि 18 मार्च 2022 को उसके घर में कार्यक्रम था तभी आरोपी उसके घर गुलाल लगाने शाम को आया था, पीड़िता के पिता एवं आरोपी घर के दरवाजे पर बैठकर बातचीत कर रहे थे तभी पीड़िता उसके पास रोते हुये आई तो उसने रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि जब पीड़िता के पिता और आरोपी बात कर रहे थे तो आरोपी ने उसके साथ छेडछाड़ कर गंदी हरकत की। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया, थाना मकरोनिया ने विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

## आजाद भारत में पैसों के खेल ने, मूल्य और नैतिकता को खा लिया : मिश्रा

**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच ने विगत 30 वर्षों से 176 वीं साप्ताहिक गोष्टी शनिवार को संयोजक मणीकांत चौबे के संयोजकत्व तथा प्रसिद्ध साहित्यकार मुन्ना लाल मिश्रा की अध्यक्षता में श्रेष्ठ काव्य धारा प्रवाहित हुई। गोष्टी के पूर्व संचालक मणिदेव ठाकुर ने कवियित्री पृथ्वीपुर से संध्या साहू सांझी को वंदना के लिए आमंत्रित किया और गोष्ठी प्रारंभ हुई। अध्यक्ष मुन्ना लाल मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा स्वतंत्रता के 75 वर्षों में देश ने असाधारण उपलधियां हासिल की है।


### कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सागर म.प्र.

**नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन कक्ष क्रं. 140**

दूरभाष- 07582-224543 फैक्स 07582-224543

E-mail-deosaugour@gmail.com

क्रमांक/1188/निर्वाचन/चु.पर्य./2023 सागर, दिनांक 21.09.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 एवं लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए उपयोग किये जाने वाले चाय, पानी, नाश्ता, भोजन हेतु ई-निविदायें पोर्टल https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्तों के अधीन दिनांक 04.10.2023 को समय अपरान्ह 5.30 बजे तक आनलाईन प्रस्तुत की जा सकती है। निविदाकार निर्धारित शुल्क 500/- अंकन पांच सौ रुपये मात्र जमा कर निविदा फार्म जमा किया जा सकता है। निविदा का विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में भी देखा जा सकता है।

जी-20561/23

**कलेक्टर एवं**
**जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सागर**



### APS, SAGAR (7 MP GIRLS BN NCC)

No 4704/NCC/JW Dated:29 Sep 2023

**TENDER NOTICE**

1. This is to inform all Registered Hotel/ Restaurant / Shop & Traders, who must have their own GST Number. That quotation for providing applicable Refreshment are invited (for the year 2023-24) for the cadets of National Cadet Corps (NCC) after the prades at the school. For any further information interested vendors may see the notice board of the school till 03 Oct 2023 & submit their lowest bid in the form of Tenders/Quotations to the school by 1700 hours on 03 Oct 2023. All received tenders shall be opened at 1400 hrs hours on 04 Oct 2023.
2. The authority to accept / reject the tender rests with the undersigned.

**Principal**
**Army Public School Sagar**
**Mobile No 7648833102**


## जिला बदर अभियुक्त 6 माह कारावास एवं 500 रुपये से दंडित

**बण्डा, देशबन्धु।** मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14/15 के मामले में दोष सिद्ध पाये जाने पर आरोपी चक्रेश जैन को न्यायाधीश संजना सरल ने 6 माह के साधारण कारावास एवं 500 रुपये से दंडित किया। घटना का विवरण 10 अगस्त 2014 को पुलिस थाना बण्डा में पदस्थ प्रधान आरक्षक हरिनारायण हमराह बल आरक्षक क्रमांक 7 तसलीम के साथ गांधी मूर्ति पुराना बस स्टेंड बण्डा में रक्षाबंधन के त्यौहार पर शांति, सुरक्षा व्यवस्था डयूटी पर थे डयूटी के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर का अभियुक्त चक्रेश जैन पुराने बस स्टेंड के पास घूम रहा है मौके पर पहुंचकर चक्रेश जैन से जिले में आने की प्रवेश अनुमति संबंधी दस्तावेज मांगे उसने दस्तावेज न होना बताया ।अभियुक्त चक्रेश जैन के विरुद्ध पुलिस थाना बंडा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया विचारण एवं बहस पश्चात् अभियुक्त चक्रेश जैन को भांदस की धारा 188 एवं मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14/15 के अंतर्गत दोषी पाते हुए दोषसिद्ध किया गया।


### न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.

आदेशिका क्र. 181/2023 पन्ना दिनांक 28 अगस्त 2023

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**नोटिस दाता:**- दीपक दहायत उम्र 21 वर्ष, पुत्र श्री रामाधीन दहायत, निवासी ग्राम बसौरा, पोस्ट बसौरा, तहसील गुनौर जिला पन्ना, मध्यप्रदेश

**एवं**

कोमल दाहिया उम्र 19 वर्ष, पुत्री श्री राजाराम दाहिया, निवासी-रघुराजनगर वार्ड नं. 03 सतना जिला सतना मध्यप्रदेश

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रुप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची '**आशयित विवाह की सूचना**' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं वाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक 29 अगस्त 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न- आशायित विवाह की सूचना

प्रकरण में सुनवाई तिथि **18 अक्टूबर 2023**

**नीलाम्बर मिश्र**
**अपर कलेक्टरएवं**
**विवाह अधिकारी , पन्ना मध्यप्रदेश**



### कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सागर

दूरभाष- 07582-224543 फैक्स 07582-224543

E-mail-deosaugour@gmail.com

क्रमांक/1209/निर्वाचन/चु.पर्य./2023 सागर, दिनांक 22 सित. 2023

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

विधानसभा निर्वाचन 2023 एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए सागर जिले के विधानसभा क्षेत्र 35-बीना, 36-खुरई, 37-सुरखी, 38-देवरी, 39-रहली, 40-नरयावली, 41-सागर, 42-बण्डा के अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले नामांकन फार्म, चुनाव प्रचार, ईव्हीएम रेण्डमाईजेशन, मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों, सामग्री वितरण एवं वापसी आदि के लिये सी.सी.टीव्ही कैमरा एवं टी.व्ही. की सेवायें किराये पर लिया जाना है। पोर्टल https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्तों के अधीन दिनांक 05.10.2023 को समय अपरान्ह 5.30 बजे तक आनलाईन प्रस्तुत की जा सकती है। निविदाकार निर्धारित शुल्क 500/- अंकन पांच सौ रुपये मात्र जमा कर निविदा फार्म जमा किया जा सकता है। निविदा का विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में भी देखा जा सकता है।

जी-20578/23

**कलेक्टर एवं**
**जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सागर**



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मैकेनिकल खण्ड, सागर

Phone No.07582-223019, E-Mail ID-eephemsag@rediffmail.com

क्रमांक-1785/तक./का.यं./लो.स्वा.यां.मैके.खण्ड/सागर, दिनांक 26.09.2023

निविदा आमंत्रण सूचना 12/2023-24 दिनांक 25.09.2023

Tender ID:-2023_PHED_312138_1

निम्न कार्य हेतु विभागीय एस.ओ.आर. दिनांक 01.09.2023 से प्रभावशील में समय-समय पर हुए संशोधन सहित ऑनलाइन निविदा वेबसाइट http//:mptenders.gov.in पर अपेण्डेक्स 2.10 पर (फार्म-ए) में प्रतिशत दर पर नीचे लिखे निर्धारित Key Date के अनुसार आमंत्रित की गई है।

निविदा का कवर 'अ' (Cover-1) एवं लिफाफा 'स' Cover-2 Financial Bid) ऑनलाईन ही Submit करने होगे इन्हें भौतिक रुप से जमा नहीं किया जावेगा। निविदा में संशोधन की स्थिति में उक्त वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। यह विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (PAC) रु. लाख में | अमानत राशि (EMD) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निम्न जिलों के विभिन्न विकास खण्डों में विभागीय मशीनों से खनित सफल नलकूपों पर हैडपम्प स्थापना कार्य जिला सागर-120, जिला दमोह-40 | 4.75+ GST Extra | 9504/- | 2000/- | 12 माह (वर्षाकाल छोड़कर) |

1. ऑनलाईन निविदा क्रय करने की प्रारंभिक दिनांक 29.09.2023
2. ऑनलाईन निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक 10.10.2023
3. ऑनलाईन निविदा खुलने की दिनांक 12.10.2023

शर्ते:- संलग्न नियम एवं शर्तो 1 से 29 तक।

जी-20581/23

**कार्यपाल यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मैकेनिकल खण्ड सागर**


## जन भागीदारी समिति की सामान्य बैठक हुई संपन्न

**बीना, देशबन्धु।** शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक विधायक महेश राय एवं एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष जनभागीदारी समिति की अध्यक्षता तथा प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया की उपस्थिति में आयोजित हुई। प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के विकास में सभी के योगदान की सराहना की। संचालन डॉ. एम एल सोनी ने एवं आभार डॉ. एके जैन ने व्यक्त किया। जनभागीदारी समिति द्वारा नेक के श्रेष्ठ मूल्यांकन एवं गुणवत्ता के प्रयासों हेतु महाविद्यालय में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करने, महाविद्यालय परिसर में सोलर पैनल लगाने, ऑडिटोरियम भवन को साउंड प्रुफबनाने, महाविद्यालय परिसर में वाई फाई की सुविधा उपलब्ध कराने एस्ववित्तीय पाठ्यक्रमों के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करने, शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीना को राज्य विश्वविद्यालय बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजने सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गई।


### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ / स) संभाग क्रं. 1 सागर

फोन नं. 07582-222296 ईमेल आईडी eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.-18/2023-24 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 26.09.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित ) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_PWDRB_ 312172_1 | केकरा कुमरई रजाखेड़ी मर्ग का बी.टी. कार्य लं. 3.37 कि.मी.अनुमानित लागत 40.92 लाख | सागर | 4092000/- | 40920/- | 5000/- | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2023_PWDRB_ 312174_1_1 | उपसंभाग बण्डा के अंतर्गत आगामी चुनाव के दौरान एवं व्ही. आई.पी. बिजिट हेतु हेलीपेड निर्माण, बेरीकेटिंग एवं अन्य आवश्यक कार्य अनुमानित लागत 19.50 लाख | सागर | 1950000/- | 39000/- | 2000/- | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 3 | 2023_PWDRB_ 312176_1_1 | उपसंभाग बण्डा के अंतर्गत याताया सुरक्षा संबंधी कार्य अनुमानित लागत 19.95 लाख | सागर | 1950000/- | 39000/- | 2000/- | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| | | | | 8037000/- | | | | |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 27.09.2023 समय 10.00 से दिनांक 07.10.2023 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट साईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

जी-20592/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. ( भ./स. ) संभाग क्रं.1 सागर**



### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, सागर संभाग-सागर
**माधवराव सप्रे मार्ग, ( मुख्य मार्ग क्रमांक-03 )**
**भोपाल ( म.प्र. ) 462003**

नि.आं.सू.क्र.-08/2023-24/538 भोपाल, दिनांक 27.09.2023

**निविदा आमंत्रण अल्प सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संभाग-सागर की ओर से विभिन्न जिलों में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवनों का सी.एस.ओ. आवास सहित निर्माण कार्य, जिला चिकित्सालयों के ब्लड बैंकों में उन्नयन एवं मरम्मत कार्य, फायर फायटिंग सिस्टम कार्य एवं अन्य मरम्मत कार्यों हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम)से 02 लिफाफा पद्धति से प्रपत्र अ फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू, लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एसओआर. 15.09.2022 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

**ई-निविदा अल्प आमंत्रण सूचना क्रमांक-08/2023-24**

| सरल क्रमांक | निविदा क्रमांक | जिला का नाम | विकासखण्ड का नाम | आमंत्रण का प्रकार | संस्था की संख्या | अनुमानित लागत राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_DHS_312818 | सागर | रहली | प्रथम | 01 | 60.31 |
| 2 | 2023_DHS_312819 | दमोह | दमोह | प्रथम | 01 | 47.58 |
| 3 | 2023_DHS_312820 | सागर | सागर | प्रथम | 01 | 7.26 |
| 4 | 2023_DHS_312821 | पन्ना | पन्ना | प्रथम | 01 | 31.61 |
| 5 | 2023_DHS_312822 | सागर | सागर | द्वितीय | 01 | 73.14 |
| 6 | 2023_DHS_312823 | निवाडी | पृथ्वीपुर | द्वितीय | 01 | 60.31 |
| 7 | 2023_DHS_312824 | टीकमगढ़ | टीकमगढ़ | तृतीय | 01 | 10.06 |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दिनांक 03.10.2023 प्रात: 10.30 से दिनांक 09.10.2023 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रो में नहीं।
5. सरल क्रमांक 05 पर वर्णित कार्य हेतु विशेष शर्त लागू रहेगी।
6. उपरोक्त निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।

जी-20646/23

**कार्यपालन यंत्री**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
**संभाग-सागर**



**CHANGE OF NAME**

**I Somil Singh S/O Surendra Singh Resident of Guru Govind Singh Ward Sagar (MP) have Changed my Name from Somil Singh to Soumil Singh vide Affidavit dated 29/09/2023 date of the affidavit in at District Court Sagar MP Sagar (MP)**

**Rajenda Kumar Dubey Notary Sagar (M.P.) Signature (Soumil Singh)**



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **NUPOOR ASATI** था। वर्तमान में मेरा नाम **NUPOOR SHUBHAM ASATI** हो गया है। अब मुझे **NUPOOR SHUBHAM ASATI** के नाम से ही लिखा पढ़ा व जाना जावें।

**NUPOOR SHUBHAM ASATI**
**1/25 Tili Road, Shivalaya Complex Vasant Vihar Colony Sagar (M.P.) 470002**



### कार्यालय, अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सागर मण्डल सागर (म.प्र.)

दूरभाष नं. कार्यालय 07582-228042 ईमेल-seressagar@mp.gov.in

क्रमांक/ 1412 / निविदा / ग्रा.यां.से. / 2023 सागर दिनांक 29.09.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र.12/2023-24**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Covers 2 (दो लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| क्र. | ग्रायांसे संभाग | टेण्डर आई. डी. नंबर | कार्य का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी. ) (विद्युत कार्य सहित) (रू. लाख में) | निविदा आमंत्रण | Covers |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| 1. | छतरपुर | 2023_RES_ 313279_1 | आंगनवाड़ी केन्द्र बक्सोई विकासखण्ड बिजावर में भवन निर्माण कार्य विकासखण्ड बिजावर | 24.69 | प्रथम | दो लिफाफा पद्धति |
| 2. | छतरपुर | 2023_RES_ 313280_1 | शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डहर्रा में 4 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य विकासखण्ड राजनगर | 24.69 | | |
| | | **योग** | | **49.63** | | |

**कुल योग राशि रू. 49.63 लाख ( रू. उनचास लाख तिरेसठ हजार मात्र )**

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। अमानत राशि (EMD) ऑनलाईन (As per Tender website Bank/Online) जमा ही मान्य की जावेगी। अमानत राशि ऑफ लाईन मान्य नहीं की जावेंगी।

निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक 03.10.2023 से प्रारंभ होकर दिनांक 13.10.2023 समय 5.30 बजे तक निर्धारित है। निविदा कवर 'अ' (Cover-1) एवं 'स' (Cover-2) ऑनलाईन ही जमा/अपलोड (Submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी, केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जावेगी।

जी-20648/23

**अधीक्षण यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सागर मण्डल सागर**

# दूध में केमिकल मिलाकर बेचने वाले के खिलाफ की कार्यवाई

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अवैध कार्य करने बालों तथा मिलावट खोरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए लगातार निर्देशित किया जाता रहा है। थाना लिधौरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की कस्बा लिधौरा में डबरा दूध डेयरी के संचालक द्वारा दूध में केमिकल मिलाकर बेचा जा रहा है, जो उक्त सूचना की तस्दीक तथा कार्यवाही के लिए थाना लिधौरा पुलिस के द्वारा खाद विभाग को सूचित किया गया। खाद विभाग के मनीष जैन के साथ मिलकर पुलिस द्वारा डबरा दूध डेयरी पर रेड कार्रवाई की गई। रेड कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष जैन के द्वारा डेरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डेयरी के अंदर हाइड्रोजन पराक्साइड नामक की केमिकल भारी मात्रा में पाया गया, जो खाद्य अधिकारी द्वारा डेयरी में पाए गए दूध तथा हाइड्रोजन पेरोक्साइड के सैंपल लिए गए, जिनको जांच के लिए वैज्ञानिक प्रयोगशाला भेजा जाएगा। डेरी पर काम करने वाले सुनील यादव तथा रविंद्र बघेल द्वारा उक्त हाइड्रोजन पराक्साइड केमिकल दूध को ज्यादा समय तक फटने से बचने के लिए डालना बताया गया। ज्ञात हो कि हाइड्रोजन पराक्साइड नामक केमिकल का उपयोग घावों की सफाई के लिए किया जाता है। जिसका सेवन मानव स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होता है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना लिधौरा अंतर्गत डेयरी संचालकों तथा दूध में मिलावट करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। कार्यवाही में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष जैन के साथ थाना लिधौरा स्टाफ उपरीक्षक थाना प्रभारी रघुराज सिंह, आरक्षक चालक व्रजप्रताप सिंह, आरक्षक अंकुल दांगी, आरक्षक राहुल टिकरिया तथा एनआरएस बलवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** उक्त मामले में शासन की ओर से पैरवीकर्ता विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट नर्मदांजलि दुबे ने बताया कि मामला थाना चंदेरा का है, मामले में फरियादी पिता ने थाना चंदेरा आकर सूचना दी कि 22 जनवरी 2022 की सुबह 7 बजे जब वह खेत पर गया था, लौटकर आया तो उसकी पत्नि ने बताया कि अभियोक्त्री सुबह करीब 8 बजे घर से बिना बताये चली गई है, जब वह ढूंढ़ने पर नहीं मिली तब उसके द्वारा राजेन्द्र उर्फबब्लू कुशवाहा पर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का संदेह होना बताया गया।

फरियादी की रिपोर्ट पर गुमइंसान सूचना लेखबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख कर मामले को विवेचना में लिया गया। मामले में अभियोक्त्री के नाबालिग होने के संबंध में अभियोजन द्वारा संबंधित स्कूल के प्रधानाध्यापक को दस्तावेजों सहित न्यायालय के समक्ष परीक्षित कराया गया। उक्त मामले में अभियोजन ने कुल 15 गवाहों को परीक्षित कर 30 दस्तावेजों को अभिलेख पर प्रदर्शित, प्रमाणित कराया गया। अभिलेख पर मौखिक, दस्तावेजी एवं वैज्ञानिक साक्ष्य को अभियुक्त की दोषसिद्धी हेतु पर्याप्त मानते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट एपीएस चौहान द्वारा मामले के आरोपी राजेन्द्र उर्फ बब्लू कुशवाहा को धारा 363 भादवि में 03 वर्ष का कठोर कारावास व एक हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 366 भादवि. में 05 वर्ष का कठोर कारावास व दो हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 376(3) भादवि. में 20 वर्ष का कठोर कारावास व पांच हजार रूपये का अर्थदण्ड तथा धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को 3 वर्ष का कारावास

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** उक्त मामले में शासन की ओर से पैरवीकर्ता विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट नर्मदांजलि दुबे ने बताया कि मामला थाना खरगापुर का है, मामले में 20 मई 2021 को दिन के करीब 2 बजे अभियोक्त्री के ससुर अभियोक्त्री के मायके में अभियोक्त्री को ससुराल ले जाने के लिये आये थे। अभियोक्त्री के पिता एवं परिवार के अन्य लोग घर के कार्य में लगे हुये थे, उसी समय अभियोक्त्री ने अपने गहने आदि पहने और घर से बिना बताये चली गयी, थोड़ी देर बाद जब उन लोगों ने अभियोक्त्री को घर एवं आस-पड़ोस, गांव एवं रिश्तेदारियों में तलाश किया जो कोई पता नहीं चला, तब अभियोक्त्री के परिवार वालों को रामजी लोधी पर संदेह हुआ क्योंकि वह भी घर से गायब था तब अभियोक्त्री के पिता ने रामजी के मोबाईल पर फोन लगाया तो उसके दोनों नंबर बंद थे तब पिता द्वारा थाना खरगापुर जाकर अपनी 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के गुम होने की सूचना दी गई। अभियोजन द्वारा अभियोक्त्री के घटना दिनांक को नाबालिग होने के संबंध में संबंधित स्कूल के प्रधानाध्यापक को दस्तावेजों सहित न्यायालय के समक्ष परीक्षित कराया गया। अभिलेख पर मौजूदा मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य को अभियुक्त की दोषसिद्धी हेतु पर्याप्त मानते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्री ए.पी.एस. चौहान द्वारा मामले के आरोपी रामजी राजपूत को धारा 363 भादवि में 3 वर्ष का कठोर कारावास व एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# किसानों के दुख-दर्द में आम आदमी पार्टी आई साथ




**इटारसी, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी ने किसानों के दुख-दर्द में आगे आकर मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्राकृतिक आपदा के कारण जो फसल खराब हो गई हैं, इसका शीघ्र सर्वे करा कर मुआवजा दिलाया जाए।

केसला ब्लॉक में बिजली की गंभीर समस्या बनी हुई है, नया सब स्टेशन स्वीकृत कर बिजली की समस्याओं को हल कराया जाए। सुखतवा क्षेत्र में 55 गांव के बीच में एक सहकारिता समिति है जिससे गांव वालों को काफी आवश्यक सुविधा होती है, नई सहकारिता समितियां का गठन कर किसानों को लाभान्वित किया जाए। केसला ब्लाक के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने नए बैराज एवं तालाब निर्माण कराया जाएं, केसला ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था ठीक नहीं है इसे दुरुस्त कर प्रत्येक स्कूल में पांच शिक्षक तैनात किए जाएं एवं पांच कमरे की बिल्डिंग बनाई जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा एवं बाल चिकित्सा की नियुक्ति की जाए।

आम आदमी पार्टी ने समस्या निवारण ब्लॉक मुख्यालय पर एक कार्यक्रम रखा जिसमें ब्लाक के सभी गांव के लोगों को बुलाया। केसला ब्लाक के अधिकांश गांव के किसान एवं मजदूर अपनी समस्या लेकर केसला पहुंचे। यहां तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, बिजली विभाग के अधिकारी भी पहुंचे और उनको किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया। इस दौरान जो छोटी समस्याएं थीं, उनका मौके पर निराकरण किया। तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि जल्द ही अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुनील गौर, जिला अध्यक्ष राजेन्द्र मालवीय, जिला संयुक्त सचिव जगदीश लौवंशी, युवा जिला अध्यक्ष मयूर पटेल, सिवनी मालवा ब्लॉक अध्यक्ष भगवान जमीदार, जिला उपाध्यक्ष कप्तान लविशकर, डीके लौवंशी, महिला ब्लॉक अध्यक्ष मोहिनी मेहरा, दुलेश भूसारे, संपत यादव एवं सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## मंदिर से चोरी हुई मूर्तियां की खोजबीन कराने लोगों का प्रदर्शन

टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के बम्होरी बराना गांव के प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर से 16 सितंबर को भगवान की प्रतिमाएं चोरी हुई थीं। घटना के 15 दिन बाद भी पुलिस चोरों का पता नहीं लगा सकी है। इसके विरोध में शुक्रवार को बम्होरी बराना के लोगों के साथ हिंदूवादी संगठनों ने कलेक्ट्रेट और एसपी दफ्तर में प्रदर्शन किया।

मंदिर के पुजारी राजेंद्र नायक ने एसपी दफ्तर पहुंचकर बताया कि 16 सितंबर की रात मंदिर से भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण की प्रतिमाएं चोरी हो गई थीं। अष्टधातु से निर्मित सभी प्रतिमाएं करीब 400 साल पुरानी हैं। इससे गांव के लोगों में आक्रोश है। इस दौरान परशुराम जन्मोत्सव परिवार के युवा अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि जिलेभर में मंदिरों से चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पिछले एक माह के दौरान शहर के तीन मंदिरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके अलावा जिले के प्राचीन मंदिरों से भी प्रतिमाएं चोरी हुई हैं, फिर भी पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पा रही है।

# तहसील भवन के निर्माण में ठेकेदार कर रहा मनमानी



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** जिले की दिगौड़ा तहसील भवन के निर्माण में ठेकेदार द्वारा अपनी मर्जी से भारी पैमाने पर मनमानी की जा रही है। तहसील भवन की खाली पड़ी हुई जमीन पर बिना किसी अधिकारी की अनुमति के बिना जेसीबी मशीन से खुदाई कर ट्रेक्टरों की सहायता से तहसील परिसर के ही गड्डों को भरा जा रहा है। कहीं अन्य स्थान से इन गड्डों को भरने के लिए मिट्टी नहीं लाई जा रही है।

मीडिया ने मौके पर जाकर इसके वीडियो बनाए और खुदाई करने की अनुमति की जानकारी लेने के लिए जब यहां पर तहसील भवन का कार्य करा रहे ठेकेदार गुड्डू पूरी निवासी ओरछा से मीडिया ने जाकर पूछा कि आपके पास तहसील परिसर से मिट्टी की खुदाई करने की अनुमति है तो वह उल्टे मीडिया कर्मी पर भड़क उठे और बोले तुम यहां तहसील भवन में आकर यहां पर काम करने वाली महिलाओं से छेड़छाड़ करते हो, तुम मुझसे 5 हजार रुपए मांगते हो। चलो तुम्हारी रिपोर्ट पुलिस थाने में डालता हूं। जबकि मीडिया कर्मी ने ना तो ठेकेदार गुड्डू पुरी से रुपए मांगे और महिला से छेड़छाड़ का तो सवाल ही नहीं उठता है। ठेकेदार मीडिया कर्मी को धमकी दे रहे हैं कि तुम तहसील भवन में कभी नहीं आना नहीं तो तुम्हारे खिलाफकई मुकदमे दर्ज करवा दूंगा।

## थेसिंग न करने पर व्यक्ति के साथ मारपीट

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मऊ बुजुर्ग में शुक्रवार की रात करीब 8 बजे ट्रैक्टर चलाने वाले व्यक्ति के साथ गांव के एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। पीड़ित व्यक्ति ने घटना की रिपोर्ट पुलिस थाने में की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। फरियादी मनोज पिता जगदीश मावई निवासी नूराबाद मुरैना उम्र 25 ने पुलिस थाने में रिपोर्ट की गई, जिसके अनुसार वह दिगौड़ा क्षेत्र में पिछले 5-6 साल से ट्रैक्टर से फसल निकालने का कार्य करता है। 29 सितंबर की रात करीब 8 बजे वह फसल निकालने के रुपए लेने के लिए ग्राम मऊबुजुर्ग में गया, तो एक दुकान पर गांव के फेरन सिंह घोष आए और बिना कारण गाली देने लगे। फरियादी ने गाली गलौज करने से मना किया तो फिर फेरन सिंह ने मनोज मावई की मारपीट कर दी।

## पत्नी को वापिस बुलाने पर युवक ने पिता से किया झगड़ा

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कस्बे में एक युवक के द्वारा अपने पिता के साथ झगड़ा करने का मामला सामने आया है। फरियादी ने पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट की गई, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फरियादी नसीर खान उम्र 80 साल निवासी दिगौड़ा ने अपने पुत्र मुफीद खान के साथ पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट की गई, जिसके अनुसार फरियादी का छोटा लड़का बुददे उर्फ नौशाद खान शराब पीने का आदी है, जो शराब पीकर अपनी पत्नी को परेशान करता है, जिससे उसकी पत्नी मजदूरी करने के लिए बाहर चली गई है। आज सुबह 8 बजे बुददे खान आया और अपने पिता से कहने लगा कि मेरी पत्नी को वापस बुलाओ। इसी बात पर वह अपने पिता से गाली गलौज व झगड़ा करने लगा। विवाद बढ़ता देख बुजुर्ग ने पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट की गई।

## 2 अक्अूबर को शुष्क दिवस घोषित

**टीकमगढ, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेश शर्मा ने आदेषित किया है कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती को संपूर्ण दिवस के लिये जिला टीकमगढ़ की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं देषी मद्याभाण्डागार बंद किया जाना आदेषित किया गया है। शुष्क दिवस में मदिरा का अवैध रूप से निर्माण, अधिपत्य, परिवहन एवं विक्रय नहीं होने का समुचित ध्यान रखा जाये। संबंधित वृत्त/थाना प्रभारियों को निर्देषित किया गया है कि किसी प्रकार की मदिरा का क्रय-विक्रय होने की स्थिति में वह व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

## सहायक शिक्षकों के क्रमोन्नति के आदेश जारी

**टीकमगढ, देशबन्धु।** जिले में पदस्थ सहायक शिक्षकों के 30 साल क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी कर दिए गए हैं। मप्र राज्य कर्मचारी संघ जिला टीकमगढ़ के जिलाध्यक्ष विवेक खरे ने बताया कि शासन के नियमानुसार ऐसे सहायक शिक्षकों को 30 साल क्रमोन्नति का लाभ दिए जाने के आदेश विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के बाद जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति खरे द्वारा जारी कर दिए गए हैं। पूर्व में क्रमोन्नति आदेश जारी करने के लिए मप्र राज्य कर्मचारी संघ द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर क्रमोन्नति आदेश जारी किए गए हैं। इस क्रमोन्नति आदेश में 25 सहायक शिक्षकों को 30 साल क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ प्राप्त होगा, इसके साथ ही 45 सहायक शिक्षकों को 24 वर्षीय क्रमोन्नति के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

# कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ में दो दिवसीय कृषक सेमीनार आयोजित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** उद्यान विभाग टीकमगढ़ द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) योजनान्तर्गत 29 एवं 30 सितम्बर को दो दिवसीय कृषक कार्यशाला, सेमीनार का आयोजन कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरि के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अमित नुना, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत छत्रपाल छोटू राजा ने की। इस अवसर पर विकास यादव, डीन कृषि महाविद्यालय डी.एस. तोमर, सहायक संचालक उद्यान अजय रोहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व भारत के हरित क्रांति जनक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई व डीन श्री तोमर द्वारा डॉ. स्वामीनाथन के जीवन पर विचार व्यक्त किये गये। जिले के डीआरपी अनुराग सिरवैया एवं मनीष खरे द्वारा योजना अंतर्गत सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने डीपीआर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज जो बैंक ऋण स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किये जाते है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक संचालक उद्यान अजय रोहित द्वारा उद्यानिकी विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई एवं पीएमएफएमई योजना अंतर्गत प्रति प्रसंस्करण इकाई पर 35 प्रतिशत एवं ब्याज दर पर 3 प्रतिशत अनुदान तथा अधिकतम 10 लाख रुपये तक अनुदान की जानकारी दी गई। समापन पर आभार एन. के. अत्रे द्वारा व्यक्त किया गया।



# केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार एक अक्टूबर को श्रमदान अभियान में शामिल होंगे

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार एक अक्टूबर को प्रातः 9:45 बजे स्वच्छता ही सेवा 2023 अंतर्गत श्रमदान अभियान में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार रेल्वे स्टेषन तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र टीकमगढ़ में श्रमदान कार्यक्रम में शामिल होंगे।

अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा 2023 अंतर्गत 2 अक्टूबर गांधी जयंती के शुभ अवसर की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रृद्धांजलि दिए जाने हेतु प्रदेश के सभी ग्रामों जनपदों, जिलों में एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे से एक साथ एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं अन्य गणमान्य भी मैदानी स्तर पर स्वच्छता के लिए श्रमदान शामिल होंगे। कार्यक्रम के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) श्री मनीष जैन एवं सहायक नोडल अधिकारी श्री राजकुमार यादव, ब्लॉक समन्वयक मनरेगा होंगे। साथ ही ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं सहायक नोडल अधिकारी ब्लॉक समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन जनपद पंचायत होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकार जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन निर्देषित किया है कि कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक अक्टूबर को एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत का होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एक अक्टूबर को समस्त ग्राम पंचायतों में स्वच्छता श्रमदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे प्रत्येक ग्राम पंचायत, ग्राम में आयोजित होने वाले इस मेगा स्वच्छता अभियान के लिए शासन के आदेषानुसार समस्त निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। साथ ही पोर्टल पर अभियान की फोटो अपलोड करने के उपरांत ईवेंट क्लोज करायें।

# विकास रथ करेगा शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं विकास और गरीब कल्याण महाअभियान के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में दो प्रचार रथों के माध्यम प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह प्रचार रथ प्रतिदिन निर्धारित रुट चार्ट के अनुसार ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में लोगों को मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं एवं विकास और गरीब कल्याण योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकें। प्रचार रथों के सफल संचालन के लिए समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने-अपने जनपद पंचायत के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रचार रथों में शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए बड़ी एलईडी वाल भी लगाई गई है, जिसके माध्यम से सार्वजनिक स्थलों पर योजनाओं की उपलब्धियों से संबंधित आडियो-विजुअल सामग्री व फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है।



## खनिज मंत्री ने किया आजीविका मेले का भ्रमण



**पन्ना, देशबन्धु।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने शनिवार को स्थानीय टाउन हॉल में स्वसहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों से सुसज्जित आजीविका मेले का भ्रमण किया। खनिज मंत्री ने मेला का औपचारिक शुभारंभ कर स्टॉलों का जायजा लिया और देशी उत्पादों की गुणवत्ता एवं पैकेजिंग की सराहना की। श्री सिंह ने कहा कि समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों के स्थानीय और बाहर के बाजार में विक्रय और विपणन के लिए अवसर उपलब्ध करवाया जाएगा, जिससे सभी समूह की दीदियों को लखपति की श्रेणी में लाया जा सके। मंत्री ने उत्पादों की बिक्री के लिए शासन द्वारा पूर्ण सहयोग दिए जाने का आश्वासन भी दिया तथा ग्रामीण अंचल में रहने वाली दीदियों को उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर देशी उत्पाद तैयार करने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, पुष्पराज सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी, जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला, ओमप्रकाश सोनी, कमल श्रीवास्तव तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय स्टॉफ उपस्थित रहा।

## खनिज मंत्री के प्रयास से सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति

**पन्ना, देशबन्धु।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयास से राज्य खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत पन्ना जिले के लिए 6 सड़कों की स्वीकृति मिली है। 14 करोड़ 40 लाख 63 हजार रूपए की लागत से सड़कों का निर्माण होगा। इनमें 2 करोड़ 39 लाख 95 हजार रूपए लागत की तारा से सकतपुरा व्हाया शंकरपुरा तक की सड़क, 2 करोड़ 77 लाख 93 हजार रूपए लागत की मुख्य मार्ग से ग्राम बरौली तक की सड़क, 2 करोड़ 30 लाख 69 हजार रूपए लागत की मझगांय मुख्य मार्ग से भानपुर तक की सड़क, 4 करोड़ 20 लाख 35 हजार रूपए लागत की बृहस्पति कुण्ड के पास से पनारी तक की सड़क, 1 करोड़ 99 लाख 78 हजार रूपए लागत की करतल नरैनी मार्ग से गुरदीनपुरवा तक की सड़क और 71 लाख 93 हजार रूपए लागत की अजयगढ़ कालिंजर मार्ग से बालूपुर तक की सड़क का निर्माण कार्य शामिल है।

## प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला शिक्षा केन्द्र पन्ना द्वारा विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक, जन शिक्षकों के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रतिनियुक्ति के इच्छुक उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक एवं अध्यापक आगामी 3 अक्टूबर तक जिला शिक्षा केन्द्र पन्ना में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अवकाश दिवस में भी आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। डीपीसी अजय गुप्ता ने बताया कि आवेदक की आयु 1 जनवरी 2023 की स्थिति में 52 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। 5 अक्टूबर को जिला शिक्षा केन्द्र में वरिष्ठता सूची के आधार पर उक्त पदों की काउंसलिंग होगी, जिसमें स्थान चयन का विकल्प प्रदान किया जाएगा।

### जयस के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित

# राजा शंकरशाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह का मनाया बलिदान दिवस



**पन्ना, देशबन्धु।** आदिवासी समाज के महानायक क्रांतिकारी योद्धा राजा शंकरशाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के 166 वें बलिदान दिवस पर आयोजित पखवाडे में शाहनगर विकासखण्ड के ग्राम ताला में कार्यक्रम का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजंलि दी। जय युवा आदिवासी संगठन जयस के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समाज एवं संस्कृति पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप बालाघाट के पूर्व सासंद कंकर मुंजारे उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जयस के कार्यकारी अध्यक्ष रामपाल सिंह द्वारा की गई। आयोजन में विशिष्ट अतिथियों में ग्राम ताला के सरपंच बुद्ध सिंह, जनपद सदस्य भारत सिंह, जयस के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार गौड़, जिला संरक्षक देवू गौड़, जिला प्रवक्ता जयराम यादव, ब्लॉक अध्यक्ष जयस रण विजय सिंह उपस्थित रहे। आयोजन में जनप्रतिनिधिगण, आदिवासी समाज के साथ ही क्षेत्राचंल के किसान तथा ग्रामीणजन शामिल रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अमर शहीद क्रांतिकारी राजा शंकर शाह एवं उनके पुत्र रघुनाथ शाह को श्रद्धांजंलि दी गई। इस मौके पर आयोजित सभा में पूर्व सासंद कंकर मुंजारे ने कहा कि आदिवासी तथा पिछड़े समाज की स्थिति इतने सालों के बाद भी बेहद चिंताजनक है पिछले 18 सालों के दौरान मप्र भाजपा के शासन में आदिवासियों को जिस तरह से अपमानित होना पड़ा है वह शर्मनाक है समाज का शोषण हो रहा है उनके ऊपर अत्याचार हो रहे है। इनके छलकपट को समझने की जरूरत है। जयस कार्यकारी अध्यक्ष रामपाल ने कहा कि इस क्षेत्र में अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा पिछड़े समाज के लोग रहते है और हमारी याद नेता और मंत्रियो को तभी आती है जब चुनाव होते है।

चुनाव के समय वादों और लालच देकर हमारा वोट लेकर वे भूल जाते है और हमारी स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। जिला प्रवक्ता जयराम यादव ने कहा कि जयस आदिवासी पिछड़ों गरीबों तथा किसानों का अपना संगठन है और आपके अपने लोग ही सुख-दुख के हमेशा साथी है और रहेगे तथा संघर्ष कर रहे हैं। जिले की पन्ना एवं पवई विधानसभा के क्षेत्र में अपना नेतृत्व होना चाहिए। कार्यक्रम भी अन्य लोगों द्वारा अपने विचार रखे गए। सभा के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें गीत, संगीत, नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां प्रतिभागियों द्वारा दी गई। आयोजित कार्यक्रम में जयस उपाध्यक्ष दीपेन्द्र गौड़, जयस सचिव अभिषेक चौरसिया, ब्लॉक प्रवक्ता अर्जुन सिंह, महावीर प्रताप सिंह, राजकुमार आदिवासी, सौरभ सेन आदि में अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन महावीर प्रताप सिंह एवं आभार प्रदर्शन शिव सिंह द्वारा किया गया।

## शरद पूर्णिमा महोत्सव आयोजन के लिए हुई बैठक

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाए जाने के संबंध में बैठक आयोजित कर जरूरी निर्णय लिए गए। श्री प्राणनाथ मंदिर परिसर में शरद पूर्णिमा महोत्सव के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को दायित्व भी सौंपा गया। बैठक में बताया गया कि 12 अक्टूबर को शाम 6 बजे से प्राणनाथ जी प्राकट्य पर्व के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा प्राणनाथ मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए रात्रि 10 बजे प्राणनाथ मंदिर में समाप्त होगी। 13 अक्टूबर को सुबह 9 बजे बाइक रैली भी निकाली जाएगी, जबकि 12 से 4 बजे तक मंदिर में प्रगटन महोत्सव होगा। मंदिर परिसर में सायंकालीन सभा रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक होगी। दशहरा पर्व पर 24 अक्टूबर को पान बीड़ा उठाने का कार्यक्रम शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा। इसी तरह 26 अक्टूबर को शाम 5 बजे खेजड़ा मंदिर से विशाल शोभा यात्रा तेरस की सवारी शुरू होकर पन्ना नगर का भ्रमण कर रात्रि 12 बजे प्राणनाथ मंदिर पहुंचेगी।

**शरद पूर्णिमा पर निकलेगी सवारी:** शरद पूर्णिमा त्यौहार पर 28 अक्टूबर को मंदिर परिसर में शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन श्री बंगला जी से श्री जी की सवारी निकाली जाएगी। रात्रि 12 बजे से मंदिर परिसर श्री रास मंडल में कार्यक्रम होगा। बैठक में श्रद्धालुओं द्वारा बायपास रोड स्थित चौपरा मंदिर के पास कौवा सेहा, मदार टेकरी इत्यादि के भ्रमण के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया गया।

## स्थाई कर्मचारी पीडब्ल्यूडी की पथरिया में बैठक संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** स्थाई कर्मचारी पीडब्ल्यूडी द्वारा पथरिया में बैठक का आयोजन किया गया। समस्त कर्मचारियों द्वारा अपनी अपनी मांग पर चर्चा की गई है। जिसमें 4 अक्टूबर को भोपाल में आमसभा हेतु भोपाल चलने हेतु आग्रह किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, संतोष खरे, कीरत सिंह ठाकुर, हीरा लाल ठाकुर, गोपाल प्रजापति, रामदयाल पटेल, गुलजार पटेल, राम चरण कुर्मी, लक्ष्मण रजक, करीब सेन, रज्जू अहिरवार, तेल रमेश अहीरवाल, रीवा साहू, तुलसी पटेल, राजन दुबे समस्त कर्मचारी बैठक में उपस्थित रहें।



## आयुष औषधियों का घर-घर वितरण



**दमोह देशबन्धु।** जिला आयुष आधिकारी डॉ राजकुमार पटेल ने बताया आयुष आपके द्वार योजना अंतर्गत आयुष औषधियों का घर-घर जाकर वितरण किया जा रहा हैं। इस सबंध में डॉ डी एस ठाकुर ने बताया आयुष विभाग अन्तर्गत आयुर्वेद औषधालय हिनोती सर्रा के आसपास के ग्रामों में आयुष आपके द्वार योजना के माध्यम से घर घर जाकर मौसमी बीमारियों से बचाव, आयुष औषधियों का वितरण किया जा रहा हैं। साथ ही समय पर औषधालय खुलने से ग्रामीणों को मिल रहा लाभ। जिसमे औषधालय सेवक दमयंती मुंडा एवं पीटीएस नोनेलाल रैकवार नियमित योजनाओं का लाभ दे रहे हैं।

# महाविद्यालय में पोषण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के रेड रिबन क्लब के सदस्यों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर 2023 के अन्तर्गत प्राचार्य डॉ. के.पी. अहिरवार के मार्गदर्शन एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ.मीरा माधुरी महंत तथा जितेंद्र कुमार चौधरी, जिला संगठक रासेयो के नेतृत्व में महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में विद्यार्थियों को जागरुक करने पोषण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन卐पोषण की बात युवाओं के साथ: आपका पोषण आपके हाथ卐 विषय पर किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग दमोह से परियोजना अधिकारी सुलेखा ठाकुर, पर्यवेक्षक अर्पिता नाथन, सरस्वती यादव एवं सहायक संचालक शालीन शर्मा जी की टीम उपस्थित रहें हैं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. अहिरवार ने बढ़ते कुपोषण की समस्या को गम्भीर बताते हुए स्वयं के खान-पान में सुधार पर जोर दिये, इसी क्रम में वनस्पति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.एन आर सुमन ने अत्यंत लाभकारी सहजन के पौधे पर अपना व्यक्तव्य दिए, परियोजना अधिकारी श्रीमती ठाकुर ने बाल्यकाल से बड़े होने तक किस पोषण युक्त भोजन का सेवन करें कि कुपोषण छू ना सके,पर जानकारी साझाकर किये। क्विज प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता किए। सभी विद्यार्थियों को चार टीमों में विभाजित कर अलग-अलग नाम टीम ए (रोहित चौरसिया), टीम बी (राजनन्दिनी लोधी), टीम सी (राहुल विश्वकर्मा) एवं टीम डी (अंकित मुंडा) दिया गया, सभी टीम को व्हाईट बोर्ड के माध्यम से कंप्यूटर स्किन आधारित क्विज पूछा गया, जिसमें टीम सी (राहुल विश्वकर्मा) ने ज्यादा प्रश्नों के उत्तर देकर प्रथम स्थान प्राप्त किये और जीते हुए टीम को प्रमाण-पत्र तथा पुरस्कार वितरित किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी डॉ. जी. पी. अहिरवार, डॉ. नेहा जैन, डॉ. ऋषिभा दिक्षित (अतिथि विद्वान), श्रीमती सरिता सराफ माधव सिंह एवं अन्य विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# नए प्राथमिक शाला पथरिया में हुआ सृजन कार्यक्रम



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** सीएम राइज कैंपस 2 नवीन प्राथमिक शाला पथरिया में सृजन कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की चित्र पर तिलक पुष्प माला, गुच्छों के साथ पूजन संस्था प्रमुख कुंजीलाल पाली,सुदेश नायक, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती सविता काछी सहित सैकड़ो मातृशक्ति की उपस्थित गणमान्य अभिभावकों और सभी शिक्षकों द्वारा ज्ञान की देवी सरस्वती का पूजन वंदन प्रार्थना कर सृजन कार्यक्रम मेला का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात उपस्थित अभिभावक गणों व माताओं द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा सृजन, हस्तकला, मिट्टी के हस्त निर्मित मूर्ति, खिलौने चित्र पोस्टर, लोकगीत आदि के साथ कुछ छात्रों द्वारा समोसा,जलेबी,भजिया,आलूबंडे आदि के स्टाल लगाकर धन अर्जित भी किया संस्था के शिक्षकों द्वारा बनाई गई खाद्य सामग्री खरीद कर छात्रों का उत्साह वर्धन किया उक्त सृजन कार्यक्रम की उपस्थित अभिभावकों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा भी की गई। कुसुम खटीक, विनोद भारती,अजय कोरी, लक्ष्मण सिंह ठाकुर,गनेश प्रसाद पटेल,आंनद खरे, अनिल अहिरवार, पुरूषोत्तम सेन आदि सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## नोडल अधिकारियों की बैठक संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए ज्यादा समय नहीं है ,विधानसभा निर्वाचन में नोडल अधिकारियों का महत्वपूर्ण कार्य है, आप अपने-अपने कार्यो को अच्छी तरह से समझ ले, आयोग से दिशा-निर्देश प्राप्त हो रहे है उनका अच्छी तरह से अध्ययन कर लें ताकि सौपें गये कार्यो में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित विधानसभा निर्वाचन 2023 के संचालन हेतु पदाविहित किये गये नोडल अधिकारियों बैठक के दौरान दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत, अपर कलेक्टर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने कहा स्वीप प्लान का मुख्य उद्देश्य है कि मतदाता जागरुक हो, और मतदान दिवस में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो । स्वीप प्लान के संबंध में नोडल अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने नोडल अधिकारी परिवहन को निर्देशित किया कि आप अभी से रुट अनुसार बसों, जीप आदि की संख्या निकाल ले, ताकि निर्वाचन के समय किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। अग्रवाल ने कहा नोडल अधिकारी सामग्री वितरण/ वापिसी के संबंध में अनुविभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रुप से यह निर्णय लिया गया कि विधानसभावार सामग्री का वितरण किया जाये।



# भगवान से बढ़कर कोई सुख और संपदा नहीं: वैष्णवी



**दमोह देशबन्धु।** पुराने डीईओ ऑफिस में चल रही श्रीमद् भगवत कथा ''कथा वाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग'' ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि पितृ पक्ष जिसे श्राद्ध भी कहा जाता है, श्राद्ध पूर्णिमा के साथ शुरू होकर सोलह दिनों के बाद सर्व पितृ अमावस्या के दिन समाप्त होता है। हिंदू अपने पूर्वजों (अर्थात पितरों) ऐसा माना जाता है कि श्राद्ध के समय, पूर्वजों को अपने रिश्तेदारों को आशीर्वाद देने के लिए पृथ्वी पर आते हैं। श्राद्ध कर्म की व्याख्या रामायण और महाभारत दोनों ही महाकाव्य में मिलती है। 'पितृ पक्ष का महाभारत से एक प्रसंग' श्राद्ध का एक प्रसंग महाभारत महाकाव्य से इस प्रकार है, कौरव-पांडवों के बीच युद्ध समाप्ति के बाद, जब सब कुछ समाप्त हो गया, दानवीर कर्ण मृत्यु के बाद स्वर्ग पहुंचे। उन्हें खाने मे सोना, चांदी और गहने भोजन के जगह परोसे गये। इस पर, उन्होंने स्वर्ग के स्वामी इंद्र से इसका कारण पूछा। इस पर, इंद्र ने कर्ण को बताया कि पूरे जीवन में उन्होंने सोने, चांदी और हीरों का ही दान किया, परंतु कभी भी अपने पूर्वजों के नाम पर कोई भोजन नहीं दान किया। कर्ण ने इसके उत्तर में कहा कि, उन्हें अपने पूर्वजों के बारे मैं कोई ज्ञान नही था, अत: वह ऐसा करने में असमर्थ रहे। तब, इंद्र ने कर्ण को पृथ्वी पर वापस जाने के सलाह दी, जहां उन्होंने इन्हीं सोलह दिनों के दौरान भोजन दान किया तथा अपने पूर्वजों का तर्पण किया। । श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में यह भी बताया कि अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं. कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए. कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी. मनुष्य का जीवन सांसारिक भोग में नहीं कृष्णभक्ति में बिताएं. मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है. लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है।

# वृद्धाश्रम में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

**दमोह देशबन्धु।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार के संबंध में वृद्धाश्रम दमोह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम जिला न्यायाधीश डॉ. आरती शुक्ला पाण्डेय, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्रबंधक वृद्धाश्रम वीरेन्द्र असाटी एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रथम जिला न्यायाधीश डॉ. आरती शुक्ला पाण्डेय ने कहा बुढ़ापा/वृद्धावस्था जीवनकाल की ऐसी अवस्था है जो हर व्यक्ति के जीवन में आना तय है, यदि कोई यह सोचता है कि वह अपने जीवन में वृद्ध नहीं होगा तो वह उसका सबसे बड़ा भ्रम है, वृद्धजनों को मात्र प्रेम एवं संवेदनशीलता की आवश्यकता है। वृद्धजन अपने जीवन में किये गये कार्यो के परिणाम से वाकिफहोते है जब-जब नवयुवकों को कोई समस्या आती है तो आप जैसे वृद्धजन अपने पुराने अनुभवों के आधार पर उन समस्याओं का निराकरण करने हेतु सरल एवं सस्ता मार्ग बताकर नवयुवकों को समस्या से निजात दिलाते है। उन्होंने वृद्धजनों के अधिकारों की सुरक्षा के लिये बनाये गये ''माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के बारे में बताते हुए कहा कि इस अधिनियम के अंतर्गत वृद्धजन अपने भरण-पोषण एवं अपनी सम्पत्ति सुरक्षा के लिए एस.डी.एम. की अध्यक्षता में गठित अधिकरण के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते है जिसका निराकरण यथासंभव 90 दिवस में किया जाना प्रावधानित है। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने कहा वर्तमान समय में संयुक्त परिवार की अवधारण क्षीण हो जाने के कारण वृद्धजनों का एकाकी जीवन सामाजिक चुनौती बन गया है, ऐसे वृद्धों की देखरेख एवं संरक्षण के लिए वृद्धाश्रमों की स्थापना की गयी है जिसमें वृद्धों के निवास, चिकित्सा एवं मनोरंजन की समुचित व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। यदि आपको किसी के विरूद्ध न्यायालय में कोई प्रकरण प्रस्तुत करना है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आपको प्रकरण प्रस्तुत करने हेतु नि:शुल्क अधिवक्ता एवं अन्य व्यय उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है।



## जबेरा जनसंपर्क के दौरान कई कार्यक्रमों में शामिल हुए डॉ. सुजान

**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष एवं जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ सुजान भाटखमरिया के जैन मंदिर में जैन समुदाय द्वारा उत्तम क्षमावाणी का कार्यक्रम किया गया एवं ग्राम कुलुआ के गणेश समिति द्वारा सिद्ध धाम कुलुआ में बाटी कार्यक्रम में भुजबल सिंह जनपद सदस्य मौसीपुरा थान सिंह सिमरी, जालम सिंह, नरेंद्र सिंह, विनोद सिंह सम्मिलित हुए।



# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना : व्यवसाय शुरू करने में साबित हो रही मददगार





सागर जिले के परसोरिया निवासी श्री प्रिंस कुमार के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना व्यवसाय शुरू करने के लिए बहुत ही मददगार साबित हुई है। श्री प्रिंस कुमार बताते हैं कि राज्य शासन की 'मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना' के माध्यम से वे स्वयं तो स्वावलंबी बने, साथ ही इस व्यवसाय के माध्यम से वे दो अन्य व्यक्तियों को भी रोजगार उपलब्ध करा रहे है। उन्होंने बताया कि किराना दुकान हेतु मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत सेन्ट्रल बैंक स्रोधा से. 5 लाख रु का ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू किया।

श्री प्रिंस कुमार कहते हैं कि किराना दुकान को शुरू करने में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सागर के अधिकारियों का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहा है। उन्होंने बताया कि उन्हें समाचार पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की जानकारी मिली जिसके बाद उनके द्वारा किराना दुकान शुरू करने के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सागर में संपर्क किया। महाप्रबंधक श्रीमती मन्दाकिनी पांडेय द्वारा उन्हें मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के बारे में बताया कि वे इस योजना का लाभ लेकर वे किराना दुकान व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। दुकान के लिए बैंक से ऋण प्राप्त करने के साथ उन्हें योजना के प्रावधानानुसार ब्याज में 3 प्रतिशत की दर से सात वर्ष तक ब्याज अनुदान एवं ऋण गारंटी फीस की प्रतिपूर्ति का लाभ प्राप्त होगा। विभाग के माध्यम से राशी रु. 5.00 लाख का प्रकरण तैयार कर सेन्ट्रल बैंक सधौना को प्रेषित किया गया तथा मेरा अंशदान रु. 80,000/- था ऑनलाइन प्रकरण बैंक भेजने के उपरांत बैंक ने ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया। श्री प्रिंस कुमार ने किराना दुकान का व्यवसाय का कार्य शुरू कर दिया है। इस व्यवसाय से उन्हें प्रत्येक माह लगभग 35000/- रूपये की आमदनी हो रही है तथा वे अन्य व्यक्तियों को रोजगार दे रहे है। उन्होंने बताया कि वे बैंक की ऋण की किश्तें भी नियमित जमा कर रहे है। श्री प्रिंस कुमार मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देते हैं।

## आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क हो सका तेजराम के कूल्हे का आपरेशन



सागर जिले के ग्राम फुटेरा निवासी श्री तेजराम अहिरवार की कूल्हे की हडडी टूट गई थी, जिसके बाद से वह चलने फिरने में असमर्थ था। इलाज के लिए श्री तेजराम अहिरवार को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था एंव कूल्हे के प्रत्यारोपण की सर्जरी की सलाह दी गई थी। जिसके बाद 13 सितंबर को तेजराम अहिरवार के कूल्हे (टोटल हिप रिप्लेसमेंट) का आपरेशन जिला चिकित्सालय में किया गया। आपरेशन के दूसरे दिन ही से तेजराम अपने पैरों पर चलने में सक्षम हो गया है। इस तरह के बड़े आपरेशन इसके पूर्व मेडिकल कालेज एवं प्राइवेट अस्पतालों में ही संभव थे, परंतु शासन की आयुष्मान योजना के अंतर्गत कूल्हा, घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी अब जिला चिकित्सालय में संभव है। जिसका प्राइवेट अस्पताल में कराने पर व्यय लगभग 1 लाख से 1.50 लाख रू. होता जो कि जिला चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत नि:शुल्क हुआ है। संबंधित मरीज के कूल्हे के आपरेशन में जिला चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सक डा. अभिषेक ठाकुर, डा. विनयदीप बुधोलिया, डा. अनिल प्रजापति, डा. नितिन सिंघई एंव एनेस्थिसिया डा. अशुंल नेमा एवं अन्य स्टाफ श्रीमति लिली, श्रीमति गीता, श्री अरूण एवं अन्य स्टाफ की टीम के द्वारा उक्त आपरेशन सम्पन्न कराया गया है।

सिविल सर्जन डा. आर. एस. जयंत द्वारा समस्त टीम को शुभकामनाएं दी गई एंव भविष्य में इसी प्रकार के बड़े-बड़े आपरेशन सम्पन्न कराने हेतु प्रेरित किया गया।

## कपिलधारा कूप के निर्माण से ननुवा की समस्याओं का हुआ निराकरण



टीकमगढ़ जिले की जनपद पंचायत पलेरा की ग्राम पंचायत रमपुरा उर्फ निवावरी में शासन की अति महत्वपूर्ण योजना महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत नवीन कपिलधारा कूप निर्माण का कार्य कराया गया है। शासन के उद्देश्य अनुरूप इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत मजदूरों को रोजगार दिया गया व परसिंपत्ति का निर्माण किया गया।

उल्लेखनीय है कि हितग्राही श्री ननुवा पिता श्री परमा ढीमर निवासी ग्राम पंचायत रमपुरा उर्फ निवावरी का वित्तीय वर्ष 2017-18 में 2.30 (लाख) लागत का कपिलधारा कूप स्वीकृत किया गया। कार्य भौतिक व वित्तीय रूप से पूर्ण है, ननुवा/परमा ढीमर के पास 25 एकड़ भूमि थी। लेकिन फसल की सिंचाई हेतु सिंचाई सुविधा नहीं होने से उनकी फसल नहीं होती थी। कपिलधारा कुआं में पर्याप्त पानी है, कुआं ऊपर तक भरा हुआ है। जिससे कुआं में पानी अधिक होने से फसल की पूरी सिंचाई हो रही है। साल भर में 2 बार (रबी व खरीफ की फसल तैयार हो रही है। जिससे हितग्राही की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। उनके परिवार का पालन पोषण अच्छे से हो रहा है।

## मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना

**हुनर सीखने का मौका और स्टायपेंड ने खास बनाया**

भविष्य के उड़ान के लिए पंख मिलने से युवाओं में अच्छा खासा उत्साह है और उत्साह की वजह है मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना। सुश्री सिद्धि नेमा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सीखो-कमाओ योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना से बेरोजगार युवा ट्रेनिंग के माध्यम से प्रशिक्षित होंगे और उन्हें प्रशिक्षण के साथ-साथ 8 से 10 हजार रुपये का स्टायपेंड भी मिलेगा। यह योजना युवाओं के लिये कारगर सिद्ध होगी।

सुश्री सिद्धि नेमा बताती है कि मुख्यमंत्री ने सीखो कमाओ योजना उन युवाओं के लिये लागू की है, जो बेरोजगार युवा कुछ हुनर सीखना चाहते हैं। जब युवा हुनर सीखेंगे तो इसके साथ 8 से 10 हजार रुपये भी मिलेंगे। विभिन्न ट्रेडों में सीखने का मौका भी मिलेगा। एक समय नौकरी नहीं लगी तो हम अपने हाथ में एक अच्छा हुनर सीखकर स्वावलम्बी बनेंगे और कहीं भी बिजनेस शुरू कर सकेंगे। क्योंकि हमारे पास शिक्षा के साथ अनुभव और हुनर दोनों ही होंगे। सुश्री सिद्धि ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को हृदय से धन्यवाद देते हैं जिन्होंने बेरोजगार युवाओं के लिये यह योजना प्रारंभ की है।

## स्कूटी पाकर मुस्कुराई मुस्कान, मामाजी को दिया धन्यवाद



*मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री ई-स्कूटी योजना के तहत सागर जिले के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूलों में टॉपर रहे 256 से अधिक विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित की गई। स्कूटी पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर प्रसन्नता दिखाई दी। स्कूटी वितरण कार्यक्रम में आई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सीएम राइज खुरई की छात्रा मुस्कान साहू भी स्कूटी पाकर प्रसन्न दिखी। मुस्कान ने कहा कि मैं मामाजी, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को सहृदय धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने मुझे स्कूल टॉपर आने पर स्कूटी प्रदान की। स्कूटी मिलने से अब मुझे कॉलेज आने-जाने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। पहले पापा मुझे छोड़ने के लिए आते थे और कई बार जब पापा के समय नही होते थे तो मैं बस से कॉलेज जाया करती थी। लेकिन अब मुझे स्कूटी मिल गई है और इससे मैं स्वयं कॉलेज तथा कोचिंग आ जा सकूँगी।*

## प्रधानमंत्री आवास योजना : गरीबों के जीवन में किया बदलाव



*कच्चा मकान, खपरेल की छत और खिड़की दरवाजों की कोई व्यवस्था नहीं। कुछ इसी तरह के मकान में रहा करते थे। निवाड़ी जिले के ग्राम जेराखास के अरूण अहिरवार, उनकी पत्नी व उनका बच्चा। जब जोरों की बारिश आती थी तो वे किसी कोने में दुबककर बच्चों व स्वयं की रक्षा करते थे। कच्चे मकान एवं दरवाजे खिड़की के न होने से जीव-जन्तु का भी अलग से डर बना रहता था।*

*प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा जब उनको मकान के लिये धनराशि स्वीकृत की गई तो अरूण की खुशियों का ठिकाना न रहा है वे खुशी-खुशी खुद का मकान बनाने में लग गये। उन्होंने अपना आशियाना तैयार कर लिया है। अब वे और उनका परिवार बिना किसी भय व चिन्ता के अपने खुद के घर में जीवन यापन कर रहे हैं। अरूण और उनकी पत्नी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहते हैं कि उन्हीं की कृपा से वे आज अच्छे मकान में रह रहे हैं।*

## घर-घर पेयजल सुविधा से प्रसन्न हैं, नयाखेड़ा की महिलाएं



*सागर विकासखंड के ग्राम नयाखेड़ा की महिलाएं जल जीवन मिशन योजनांतर्गत घर-घर पेयजल सुविधा उपलब्ध होने से प्रसन्न हैं। पहले इस गांव में पानी की बहुत दिक्कत हुआ करती थी। ग्रामवासियों को डेढ़ से दो कि.मी. दूर से पानी लाना पड़ता था। प्रायः परिवार के सदस्य साईकिल से कुप्पों में लादकर पानी लाते थे।*

*ग्राम की वृद्ध महिला श्रीमती हीराबाई बताती है कि हर घर नल लगने से अब भरपूर मात्रा में पानी उपलब्ध है। पेयजल और निस्तार के लिए पानी की कोई दिक्कत नहीं है। अब घरों की महिलाओं को बहुत आराम हो गया है। ग्राम की ही महिला श्रीमती गीता बाई भी उनका समर्थन करती है। वे कहती है कि गर्मी के दिनों में हमने पानी की बहुत किल्लत देखी है। अब घर-घर नल लगने से सुविधा हो गई है। पेयजल की उपलब्धता से महिलाओं को अब बहुत आराम है।*

*पीएचई विभाग के एसडीओ श्री श्वेतांक चौरसिया ने बताया कि नयाखेड़ा गांव के सभी 348 परिवारों को पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है। गांव में एक लाख लीटर क्षमता की पेयजल टंकी और 20 हजार लीटर का संपबेल बनाया गया है।*

D-16309/23

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

# 2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी लेकिन हमारी सरकार को चोरी कर लिया: अरुण यादव

## कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा का जगह-जगह किया स्वागत



**बीना, देशबन्धु।** 2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी लेकिन हमारी सरकार को चोरी कर लिया गया। पहली बार मप्र के इतिहास में ऐसा भी हुआ कि एक निर्वाचित सरकार के विधायकों को चोरी करके, बेईमानी करके भाजपा ने सरकार बना ली। यह बात देर बात बीना पहुंची जन आक्रोश यात्रा में आमसभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने कही। कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा मालथोन, खिमलासा, बसाहरी, धनोरा होते हुए देर रात बीना पहुंची। यात्रा का बीना पहुंचने का समय शाम 6 बजे का था लेकिन यात्रा करीब 4 घंटे देरी से पहुंची। इस दौरान यात्रा का अंबेडकर तिराहा से लेकर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। दावेदारों ने जगह-जगह अपना शक्ति प्रदर्शन भी दिखाया। इसके बाद महावीर चौक पर आम सभा का आयोजन किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने कहा कि पूरे बुंदेलखंड में जन आक्रोश यात्रा का जगह-जगह ऐतिहासिक स्वागत किया गया। यह स्वागत बताता है कि भाजपा सरकार के खिलाफ लोगों में कितना आक्रोश है। यात्रा का अंतिम पड़ाव बीना विधानसभा और बीना में तो हर दूसरा आदमी हमारा है। इससे पहले मैं 2 जून को बीना आया था। इस यात्रा में बीना में जैसा आक्रोश देखा है वैसा बुंदेलखंड की हर विधानसभा में देखने को मिला। उन्होंने भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर कहा कि भाजपा की जन आशीर्वाद को कितना आशीर्वाद मिल रहा है यह आपको पता होगा। अब तो भाजपा नेता भी यह जानने लगे हैं कि उन्हें 2023 में आशीर्वाद नहीं मिलेगा। हमें 2018 में तो जनता ने आशीर्वाद दिया था लेकिन बीना से पिछले 25 साल से हमें आशीर्वाद नहीं मिला है। अरुण यादव ने तंज कसते हुए कहा कि मैंने पहली बार सुना कि जनप्रतिनिधि अपनी विधायक निधि में भी कमीशन खोरी करता है। 20, 30 और 40 प्रतिशत तक कमीशन लगता है। विधायक 20 प्रतिशत, मंत्री 40 प्रतिशत और सरकार की नुमांइंदे जो भोपाल में बैठे हैं वह 50 फीसदी कमीशन ले रहे हैं। मप्र की सरकार कमीशन खोरों की सरकार देश में बन चुकी है। बीना में 25 सालों में कुछ नहीं हुआ। जिले में तीन मंत्री हैं, दो पहले थे और एक अभी आ गया है। तीनों मिलकर आपस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही बीना को जिला बनाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शहीदे आजम भगतसिंह की जयंती पर कवि सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन



**बण्डा, देशबन्धु।** शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती पर बंडा के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में मायूस सागरी के निर्देशन में एड. श्याम किशोर नामदेव की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन हिंद के पंछी द्वारा किया गया था। कवि सम्मेलन के पूर्व स्कूल के बाहर स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अतिथियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बड़ा मलहरा से आए कवि देवदत्त दुबे ने बुंदेली में अपनी रचना में कहा कि मन को भार उतारवे जा रय, बिगड़ी बात समारवे जा रय, कन्या भ्रूण गिरा के लौटे, देवी दुर्गा ढारवे जा रय। इसके साथ ही कवि सिराज सागरी, असलम मजीद, आदर्श दुबे, मुकेश सोनी, राजेंद्र रैकवार, शंभू शरण तिवारी, ताहिर दमोही, भूपेंद्र दीक्षित पराग, शिवांश पाराशर ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने वर्तमान व्यवस्थाओं पर भी जमकर कटाक्ष किये। जिसे उपस्थित दर्शकों ने काफी सराहा। कार्यक्रम का समापन मायूस सागरी की रचनाओं के साथ हुआ। जानकारी देते हुए आयोजक राम बिहारी महदेले एवं शिवांश पाराशर राही ने बताया कि हमारे देश के शहीदों को नमन करते हुए युवाओं को और नई पीढ़ी को शहीदों की जीवनी पढ़ना चाहिए और इस तरह के कार्यक्रम शहीदों की जयंती पर होते रहना चाहिए ताकि बच्चे और युवा देश के शहीदों के बारे में जाने और शहीदों को नमन करें। आगे चलकर भी शहीदों की जयंती पर इस तरह के कार्यक्रम होते रहेंगे कार्यक्रम को सुनने व देखने के लिए नगर के सभी पत्रकार साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार राम बिहारी महदेले ने माना।

## सार-समाचार

### क्षमा उनसे मांगनी चाहिए, जिनसे हमने अशोभनीय व्यवहार किया है: मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** भूल को कबूल करना ही फूल है, वाणी में ही नहीं प्राणी में भी क्षमा आए। भगवान पारसनाथ ने दस भवों तक कमठ को क्षमा करके पानी पानी कर दिया था यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में कही, मुनिश्री ने कहा हमें प्राणी मात्र से क्षमा मांगनी चाहिए। पेड़ पौधों पशु पक्षियों धरती आदि से भी क्षमा मांगो। समस्त प्राणियों के प्रति मैत्री की भावना रखने से इसे विश्व मैत्री दिवस भी कहा जाता है। यथार्थ में हमें उनसे क्षमा मांगनी चाहिए जिनके प्रति हमने अशोभनीय व्यवहार किया है परंतु हम अपने मित्रों से ही क्षमा मांग कर क्षमा वाणी मना लेते हैं। सहनशील बनो सहनशील व्यक्ति ही क्षमा कर सकता है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा क्षमा वाणी सौहार्द्र और सद्भावना का पर्व है। जाने अनजाने किसी तरह की अपराध या गलती के प्रति पश्चात आपका भाव रखते हुए मनोमालिन्य को दूर करने की भावना इस पर्व का प्रयोजन है। क्षमा वाणी को वर्ल्ड फारगिवनेस डे विश्व क्षमा दिवस के रूप में सरकार को घोषित करना चाहिए, तभी संपूर्ण देश में क्षमा दिवस मनाया जा सकेगा। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कि रविवार को दोपहर 2 बजे से 75 वर्ष से ऊपर उम्र के बुजुर्गो का सम्मान समारोह का आयोजन मुनि संघ के मंगल सानिध्य में विद्या भवन अंकुर कॉलोनी से रखा गया है।

### मतदाताओं को जागरूक करने छात्राओं ने सजाई रंगोली

**राहतगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक आर्य एवं रिटर्निंग अधिकारी 37 सुरखी अशोक कुमार सेन के निर्देशन में शास. कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय की छात्राओं ने स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाता को जागरूक करने रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा नवमी से 12 वीं तक की छात्राओं ने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो एवं शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए विभिन्न रंगों से रंगोली सजाई। छात्राओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए तथा अन्य सभी को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। एसडीएम अशोक कुमार सेन ने छात्राओं की रंगोली की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस मौके पर रिटर्निंग अधिकारी सुरखी अशोक कुमार सेन, सीएमओ आरसी अहिरवार, सीईओ जनपद एसके प्रजापति, प्रभारी प्राचार्य आरके कपूर, चंद्रभान कोरी सहित छात्राएं शामिल रही।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आज मतदाताओं का होगा सम्मान

**सागर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आज एक अक्टूबर पर राज्य स्तरीय वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के मार्गदर्शन में जिले के 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। जिले में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बूथ लेवल ऑफिसर अपने अपने क्षेत्र के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को सम्मानित करेंगे। जिले का मुख्य कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा।

## महिला सशक्तिकरण का एक नया अध्याय रचा गया: सलाका सालवी



**सागर, देशबन्धु।** महिला मोर्चा की संभागीय बैठक आयोजित की गई, बैठक में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सलाखा सालवी, जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, महापौर संगीता तिवारी मंचासीन रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए सलाखा सालवी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मंजूरी मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि अब यह अधिनियम कानून बन गया है। विधेयक को 20 सितंबर को लोकसभा और 21 सितंबर को राज्यसभा से पारित किया गया था। इसके बाद इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। इस कानून के लागू होने पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इस धरती के संसाधनों पर महिलाओं का भी हक है। महिलाओं को भी सुख से जीने का अधिकार है और सुख से जीने का साधन भाजपा सरकार दे रही है।

जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा की आगामी चुनाव में महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी जिसके लिए हमारी सभी बहिनों को अभी से ही तैयारियों में जुटना होगा आज हमारी केंद्र व राज्य सरकार मातृ शक्ति के कल्याण एवं उन्हें सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है जिन्हें हमें बूथ स्तर पर मातृ शक्ति तक पहुंचना है। महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। नगरीय निकाय से लेकर पंचायती राज चुनाव में आरक्षण का हक देकर हम महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में बराबरी का हक देकर इतना सबल भी भाजपा सरकार ने ही दिया। हमें भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं और हर वर्ग के उत्थान कल्याण के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं को जन-जन के बीच ले जाने का काम करना है। ताकि भाजपा हर बूथ और हर विधानसभा में रिकॉर्ड मतों से जीतकर आये। आभार दमोह जिला अध्यक्ष शिखा जैन ने व्यक्त किया। बैठक में संभाग के सभी जिलों से जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता बहिनें उपस्थित रहीं।

## वर्णी जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम आज से मोराजी में

**सागर, देशबन्धु।** क्षुल्लक गणेश प्रसाद वर्णी जी महाराज की डेढ सौ वी जन्म जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन तीन अक्टूबर को वर्णी भवन मोराजी मे किया जा रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान मुनिसंघ और आए आर्यिका संघ का सानिध्य प्राप्त होगा। गणेश दिगंबर जैन संस्कृत महाविद्यालय और वर्णी संस्थान विकास सभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 2 अक्टूबर सोमवार को सुबह मंगलाचरण से होगा। इसके पश्चात आमंत्रित विद्वान वर्णी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालेगे। मोराजी में वर्षाकालीन चातुर्मास कर रही गणिनी आर्यिका सौम्य नंदनी माताजी, आर्यिका सुयोग्य नंदनी माता जी के मंगल प्रवचन होगे। दोपहर में गणेश दिगंबर संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व स्नातको का सम्मेलन और विद्वानो के वक्तव्य होगे। पूर्व स्नातक सम्मेलन अध्यक्ष सुरेश जैन, विमला जैन, प्रो. आरके त्रिवेदी संबोधित करेगे। सायंकाल आर्यिका संघ के सानिध्य में आचार्य भक्ति और वर्णी के जीवन पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया जावेगा।

## महिलाओं एवं बच्चों पर घटित हो रहे अपराधों की रोकथाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** शनिवार को अभिषेक तिवारी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं एवं बच्चों के प्रति घटित हो रहे अपराधों की रोकथाम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लोकेश सिन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कार्यशाला का दीप प्रज्जवलन कर उदघाटन किया। कार्यशाला में थानो में कार्यरत बालकल्याण अधिकारी, महिला हेल्प डेस्क प्रभारी तथा महिला बाल विकास विभाग के चाईल्ड लाइन, अनुसूचित जाति जन जाति छात्रावास के अधीक्षक, विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य आदि विभागो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिसमें लोकेश सिन्हा ने अपना उदबोधन दिया साथ ही कार्यशाला में आमंत्रित ज्योति मिश्रा नवम अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, बाल कल्याण अधिकारी सागर, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण सागर एवं नगर पुलिस अधीक्षक मकरोनिया केतन अडलक द्वारा अपने-अपने विषयों पर उदबोधन एवं सहभागियों को महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध हो रहे अपराधों की रोकथाम, सायबर अपराधों की रोकथाम के विषय पर जानकारी दी। ज्योति मिश्रा द्वारा पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत जानकारी दी गयी साथ ही जन साहस संस्था एनजीओ व्यक्तियों के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जानकारी दी गयी। कार्यक्रम पुलिस विभाग एवं एनजीओ युवा विकास मण्डल, जन साहस के सहयोग से आयोजित किया गया।

## सामुदायिक भवन में नहीं है बिजली पानी और शौचालय की व्यवस्था

**सागर, देशबन्धु।** वृंदावन वार्ड की एकता कॉलोनी में लगभग सवा साल पहले नगर निगम चुनाव की आचार्य संहिता के पूर्व सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक एवं सांसद द्वारा किया गया था तब से लेकर अब तक इस भवन में बाथरूम शौचालय और पानी बिजली की व्यवस्था कई बार मांग करने के बावजूद भी नहीं की गई जबकि 1,00000 तक के कार्य नगर निगम द्वारा कराए जाने की प्रक्रिया भी चली जो ठंडे बस्ते मैं चली गई यहां कीचड़ गंदगी और दलदल भी मची रहती है। इन सब व्यवस्थाओं के चलते यह सामुदायिक भवन उपयोग हीन हो चुका है। लोकार्पण से लेकर अब तक इसमें कोई भी छोटा-मोटा कार्यक्रम भी आयोजित नहीं किया जा सका है। एकता कॉलोनी विकास समिति ने क्षेत्रीय पार्षद से लेकर नगर निगम महापौर, सांसद, विधायक और आयुक्त तथा जिला प्रशासन से इस सामुदायिक भवन में शीघ्र पानी बिजली और शौचालय इत्यादि की मूलभूत व्यवस्था करने का आग्रह किया है।

## आपके यहां कोई भूमिहीन नहीं रहेगा, आप अब खुद की जमीन के मालिक बन गए हैं: सरोज सिंह



**बांदरी, देशबन्धु।** भूमिहीन लोगों को शनिवार को भू.अधिकार पत्रों स्थाई पट्टा का वितरण किया गया। इसमें जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह शामिल हुई। उनके बांदरी पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में चार अलग-अलग वार्डों में कुल 480 भूमिहीनों को पट्टों का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री भू अधिकार पत्र स्थाई पट्टा वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरोज सिंह ने कहा कि मंत्री भूपेंद्र सिंह खुरई विधानसभा क्षेत्र के एक-एक व्यक्ति की परेशानियों और तकलीफों को समझते हैं। उनको दूर करने के लिए दिन रात प्रयासरत रहते हैं। बांदरी के डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड में सबसे ज्यादा 166 भूमिहीन व्यक्तियों को नि:शुल्क पट्टों का वितरण किया जा रहा है। आज पट्टों का वितरण किया जा रहा है, अब गरीब और भूमिहीन परिवार जमीन के मालिक हो जाएंगे। मैं स्वयं जगह-जगह जा रही हूं, आज आपके वार्ड में कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य मिला है। जिनको पट्टे मिल रहे हैं उनको मैं बधाई देती हूं, आप लोग अब अपनी स्वयं की जमीन के मालिक होंगे। सरोज सिंह ने बांदरी के डॉ. अंबेडकर वार्ड, पिथौली और इमलिया सहित बहरगुवां वार्ड में भू.अधिकार पट्टों का वितरण किया। उन्होंने बताया कि आज पट्टा वितरण कार्यक्रम में 480 लोगों को पट्टे प्रदान किए जा रहे हैं। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने इस क्षेत्र में इतने विकास कार्य कराए हैं, जितने प्रदेश में कहीं नहीं हुए है। मैं खुद आपके वार्ड में महीने में 5 से 6 बार आ चुकी हूं। आए दिन किसी न किसी नए विकास कार्य का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जाता है। आपके वार्ड में रोड, नाली निर्माण, स्कूल, खेल मैदान, अस्पताल, कॉलेज, बैडमिंटन कोर्ट, जिम जैसी सौगातें आपको दी हैं। आप जो भी काम बताएंगे वह सारे काम कराए जाएंगे।

## शाहगढ़ नरेश की 150 पुण्यतिथि पर हुआ अंतरराज्जीय विराट कवि सम्मेलन



**शाहगढ़, देशबन्धु।** शाहगढ़ नरेश बखतबली शाह जू देव की 150 वी पुण्यतिथि और पर्यूषण पर्व के समापन पर शुक्रवार की देर रात नगर के दिगंबर जैन मंदिर परिसर में अंतरराज्जीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन चातुर्मास समिति द्वारा किया गया। रात 9 बजे से शुरू हुए कवि सम्मेलन को सुनने बड़ी संख्या में जैन समाज सहित अन्य समाज के लोग पहुंचे।

यह आयोजन देर रात तक जारी रहा जिसमें बाहर से आए कवियों ने देशभक्ति से ओत प्रोत धार्मिक कविताओं के अलावा शाहगढ़ नरेश की 150 वी पुण्यतिथि पर उनका स्वतंत्रता में दिए योगदान पर कवियों ने कविताएं सुनाई जिसको दर्शकों ने खूब सराहा और तालियां बजाई, कार्यक्रम के पहले पूर्व सरपंच दामोदर दास सेठ ने बखत बलि शाह जू देव के इतिहास को बताया और उनके द्वारा देश की स्वतंत्रता में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के साथ दिए गए योगदान उनके कार्य की जानकारी दी जो वर्तमान की पीढ़ी अनजान हैं, सभी उनकी जानकारी को विशेष महत्व देते हुए बखत बलि शाह जू देव को श्रृद्धांजली दी। कवि सम्मेलन के प्रमुख हास्य कवि संजय पांडे जो की भगवान गणेश की कद काठी के थे उन्होनें अपनी हास्य व्यंग कविताओं से दर्शकों को खूब हंसाया, तो वीर रस के कवि अनिल मिश्र तेजस ने देश पर मिटने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शाहगढ़ नरेश बखत बलि शाह जू देव को श्रृद्धांजली अर्पित करते हुए कविताओं ने देश के प्रति सम्मान बढ़ाया, वही मोदी द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों को अपनी कविताओं के जरिए सुनकर खूब तालियां बटोरी, सबसे कम उम्र के गीत गजल कवि आकाश अशंख ने अपनी कविताओं से दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। कवि सम्मेलन का संचालन कर रहें प्रसिद्ध कवि वीरेंद्र विद्रोही की बीच-बीच में कविताओं को सुना और खूब वाह वाही लूटी। आभार और सम्मान चार्तुमास समिति द्वारा किया गया।

## वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गौरझामर, देशबन्धु।** फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, एसडीओपी शशिकांत शरयाम के निर्देशन में चलाए जा रहे स्थाई, अस्थाई और गिरफ्तारी वारंटी आरोपियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत उन्ही निर्देशों का पालन करते हुए गौरझामर थाना प्रभारी ब्रजमोहन कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच साल से फरार गिरफ्तारी वारंटी को धर दबोचा है। आरोपी रानू उर्फ जयगोपाल गौंड पिता प्रताप गौंड उम्र 21 वर्ष निवासी सुजानपुर से गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहा से आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी ब्रजमोहन कुशवाह, अशोक चौहान, अनिल कन्नोजिया, आशीष तिवारी एवं स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

## विधायक ने कर्रापुर और मकरोनिया में विकास कार्यो का किया भूमिपूजन



**सागर, देशबन्धु।** विधायक प्रदीप लारिया ने नगर परिषद कर्रापुर और नगर पालिका मकरोनिया में करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कर्रापुर में बस स्टेण्ड के पास शहरी अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत मेन रोड से नगर परिषद तक 3 करोड़ से नाली निर्माण, 1 करोड़ 17 लाख से नवीन नगर परिषद कार्यालय भवन कायाकल्प अभियान अंतर्गत 55 लाख से विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड, वार्ड क्रमांक-04 में 9.88 लाख से सीसी रोड नाली, 5.79 लाख से पुरानी नगर परिषद की बाउंड्रीबॉल, वार्ड-06 में 3.7 लाख से मंगल भवन तक सीसी रोड, वार्ड-05 में 5 लाख से सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड-08 में 4.7 लाख से सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य सहित नगर पालिका मकरोनिया में श्रीकृष्णानगर वार्ड क्रमांक-02 के लगभग 15 स्थानों पर 175.34 लाख रूपये की लागत से आरसीसी रोड और नालियों के निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मकरोनिया नगर पालिका और कर्रापुर नगर परिषद को आदर्श नगर पालिका और नगर परिषद बनाना हमारा संकल्प है। आपने जो विकास के लिए जिम्मेदारी मुझे सौंपी है। उस पर मैंने हमेशा खरा उतरने का प्रयास किया है और यह प्रयास आज भी जारी है। कार्यक्रम की शुरूआत में उन्होंने वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत हितग्राही को गृह प्रवेश भी कराया। कार्यक्रम में मकरोनिया नगर पालिका अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, नगर परिषद कर्रापुर अध्यक्ष, वार्ड पार्षद, भाजपा पदाधिकारी, महिला मोर्चा कार्यकर्ता और क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।

## बिजली कंपनी में आधार भूत संरचनाओं के सुधार के लिए आरडीएसएस योजना का कार्य प्रारंभ

**सागर, देशबन्धु।** भारत सरकार द्वारा विद्युत वितरण केन्द्रों में सुधार लाये जाने के उद्देश्य से आरडीएसएस पुनुरोत्थान सुधार कार्य योजना लागू की गई है जिसका चरणबद्ध क्रियान्वयन प्रारंभ हो चुका है इस योजना के क्रियान्वयन से बिजली संबंधी तकनीकी व्यवसायिक हानियों में कमी के साथ ही वोल्टेज संबंधी समस्याओं का समाधान होगा। म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. सागर वृत्त के अधीक्षण अभियंता डीएन चौकीकर ने जानकारी देते हुये बताया कि योजना के अंतर्गत कार्यों को दो चरणों में संपादित किया जावेगा, प्रथम चरण के अंतर्गत 33/11 केव्ही उपकेन्द्रों की एवं केपेसिटर बैंकों की स्थापना 33/11 केव्ही लाईनों का विस्तारीकरण, इंटर कनेक्शन एवं कंडक्टर तारों की क्षमतावृद्धि तथा एलटी लाईनों के तारों को बदलकर उनके स्थान पर केबिल लगाई जाना है। साथ ही कृषि फीडरों का सेपरेशन होगा साथ ही मीटरीकरण के कार्य को प्रथम चरण में शामिल किया गया है। जिले के लिए यह 3.59 करोड़ की महात्वपूर्ण योजना है। जिसके तहत प्रथम चरण में आगामी ढाई वर्ष में कुल 73589 सिंगल फेस एवं थ्री फेस मीटर लगाये जावेगे जो सागर शहर, रहली संभाग के अंतर्गत देवरी शहर, गढ़ाकोटा शहर एवं रहली शहर में स्थापित किये जावेगे। पुराने मीटरों के



स्थान पर नये प्रीपेड स्मार्ट मीटर, डीटीआर मीटर लगाये जाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके अलावा सागर जिले में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र बामोरा, सानौधा, लुहारी एवं समनापुर का कार्य प्रारंभ हो गया है शीघ्र ही हीरापुर एवं किशनपुरा का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। सितंबर माह से शुरू हुये कार्य में 850 मीटर से अधिक स्थापित हो चुके है। श्री चौकीकर ने बताया कि सागर जिले में द्वितीय चरण में वितरण एवं पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमतावृद्धि, अतिरिक्त ट्रांसफार्मरों की स्थापना एवं 33/11 केव्ही उपकेन्द्रों के नवीनीकरण के कार्य को शामिल किया गया है। योजनाओं से उपभोक्ताओं को होने वाली सुविधा के संबंध में बताया कि स्मार्ट मीटर जीपीएस सिस्टम पर आधारित हैं जिसके माध्यम से रीडिंग का डाटा सीधे विद्युत कंपनी के सर्वर पर जाता है जिससे औसत रीडिंग की झंझट से निजात मिलेगी एवं वास्तविक रीडिंग के बिल प्राप्त होंगे साथ ही उपभोक्ता स्वयं स्मार्ट मीटर को मोबाइल एप्प से कनेक्ट कर अपनी विद्युत रीडिंग की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। योजना के क्रियान्वयन से बिजली संबंधी तकनीकी, व्यवसायिक हॉनियों में कमी आयेगी। केपेसिटर बैंक लगाये जाने से वोल्टेज में सुधार होगा, ओवरलोड की समस्या का निराकरण होगा, स्मार्ट मीटर में टेम्परिंग या छेड़खानी की स्थिति आने पर अलर्ट मोड सक्रिय होने से गड़बड़ी तत्काल विद्युत कंपनी की पकड़ में आ जायेगी। उल्लेखनीय है स्मार्ट मीटर इनस्टॉल होने पर एक ही मीटर से उपभोक्ता द्वारा उत्पादित सोलर एनर्जी और कंपनी की बिजली की खपत का प्रतिदिन हिसाब हो सकेगा एवं दो के स्थान पर एक ही मीटर पर्याप्त होगा।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।